● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 131, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 18 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




विशाखापत्तनम में एक साथ 5 लाख लोग करेंगे योग! 5

अश्विन और उनकी टीम को बड़ी राहत 6

## मंत्रि-परिषद ने म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का किया अनुमोदन

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद का निर्णय



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनके हितों को संरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिये 20त्न एवं अनुसूचित जाति के लिये 16त्न आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोकसेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है।

वर्तमान वर्ष में ही आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, अर्थात अग्रिम डी.पी.सी. के प्रावधान किये गये है। पदोन्नति के सूत्र में वरिष्ठता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है। वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए मैरिट कम सीनियर्टी का प्रावधान किया गया है। पदोन्नति के सूत्र में कार्यदक्षता को प्रोत्साहित किया जाना लक्षित है, पदोन्नति के लिए अपात्रता का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। किन परिस्थितियों में कोई लोक सेवक अपात्र होगा एवं दण्ड का क्या प्रभाव होगा यह स्पष्ट रूप से लेख किया गया है। किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक के सन्दर्भ में निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डी.पी.सी. की बैठक आयोजित किये जाने के लिये स्पष्ट प्रावधान किये गये है। नवीन पदोन्नति नियमो में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है। इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे। पदोन्नति समिति को शासकीय सेवक की उपयुक्तता निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है।

चतुर्थ श्रेणी के लिये अंक व्यवस्था नहीं होगी, केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति प्राप्त हो सकेगी। अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जायेगा, यदि वर्ष के एक भाग की सेवा भी की गई है तो उसे पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यदि किसी वर्ष में 6 माह का ही गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध है तो उसे पूर्ण वर्ष के लिये मान्य किया जा सकेगा। यदि गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी की पदोन्नति रुकती है तो उसे पदोन्नति प्राप्त होने पर पूरी वरिष्ठता दी जायेगी। अप्रत्याशित रिक्तियों को चयन सूची/प्रतीक्षा सूची से भरे जाने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शासकीय सेवक (जो आगामी वर्ष अर्थात पदोन्नति वर्ष में उपलब्ध नहीं होंगे) के पद के विरुद्ध पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। गोपनीय प्रतिवेदनों में से यदि कोई गोपनीय प्रतिवेदन एन.आर.सी (नो रिपोर्ट सर्टिफिकेट), सक्षम स्तर से स्वीकृत अवकाश, पदग्रहण काल अथवा प्रशिक्षण के कारण है अथवा गोपनीय प्रतिवेदन में निर्धारित समय पर स्वमूल्यांकन के साक्ष्य है तो ऐसी स्थिति में गोपनीय प्रतिवेदन की अनुपलब्धता के आधार पर पदोन्नति नहीं रोकी जायेगी। विभागीय पदोन्नति समिति के बैठक से पूर्व केवल कारण बताओ सूचना पत्र के आधार पर बंद लिफाफा की कार्यवाही नहीं की जायेगी, जिससे अधिक लोक सेवकों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कुल मिलाकर पदोन्नति के पद जिस दिन उपलब्ध हो उसी दिन उपयुक्त योग्य एवं आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर भरे जा सके।

## जनजाति सशक्तिकरण का धरती आबा अभियान ऐतिहासिक कदम : राज्यपाल

### राज्यपाल अभियान के राज्य स्तरीय शिविर में शामिल हुए



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुरू किया गया जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के नागरिकों का कल्याण, सशक्तिकरण और विकास करना है। सरकार का यह प्रयास है कि जनजातीय समुदाय के जो नागरिक अभी तक सरकार की सेवाओं, सुविधाओं और योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें लाभान्वित किया जाएं। उनकी देश के विकास में सहभागिता को सशक्त नागरिक के रूप में सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल धरती आबा अभियान के तहत सीहोर जिले के ग्राम झोलियापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार के 18 मंत्रालय समन्वित रूप से अभियान का संचालन कर रहे हैं। सभी जरूरतमंद नागरिकों के लिए पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, एनआरएलएम सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह अभियान तभी सार्थक होगा, जब हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास करेंगे। हम सभी का यह दायित्व है कि हम उन सभी जनजातीय समुदाय के नागरिकों को अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में जाकर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें और उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान के तहत जनजातीय समुदाय के नागरिकों को दिए गए लाभ की मॉनिटरिंग भी की जा रही है और जल्द ही वे इसका अवलोकन करने पुन: सीहोर आएंगे।

## आपातकाल के दौरान जेल गए व्यक्तियों को मिलने वाली मानदेय राशि हुई दोगुनी

### फडणवीस कैबिनेट का फैसला



**मुंबई।** महाराष्ट्र कैबिनेट ने मंगलवार को बड़ा फैसला लेते हुए आपातकाल के दौरान राज्य में जेल में बंद व्यक्तियों को दिए जाने वाले मानदेय की राशि को दोगुना करने को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही फडणवीस कैबिनेट ने लाभार्थी के रूप में जेल में बंद व्यक्ति के जीवनसाथी का नाम जोड़ने का भी फैसला किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में चल रही गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत वर्तमान में दिए जाने वाले लाभों के तहत, आपातकाल (1975-1977) के दौरान एक महीने तक जेल में रहने वालों को 5,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जबकि इससे अधिक अवधि तक जेल में रहने वालों को 10,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार ये राशि दोगुनी हो जाएगी। मौजूदा नियम के अनुसार, अगर जेल में बंद व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिजनों को 2,500 रुपये (एक महीने या उससे कम की जेल अवधि के लिए) और 5,000 रुपये (एक महीने से अधिक की जेल अवधि के लिए) मासिक पेंशन दी जाती है। इस योजना की शुरुआत फडणवीस ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल (2014 से 2019 तक) के दौरान की थी। इस योजना के तहत पात्र लोगों को 100 रुपये के स्टांप पेपर पर जिला कलेक्टरेट में आवेदन करना होता था, जिसकी जांच कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति करती थी।

## अस्पताल में भर्ती कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की सेहत में सुधार

**दिल्ली।** पेट से जुड़ी समस्या को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी की सेहत में सुधार बताया जा रहा है, लेकिन अभी उनकी अस्पताल से छुट्टी की तारीख तय नहीं की गई है।

अस्पताल के चेयरमैन अजय स्वरूप ने बताया कि सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और सेहत में सुधार है, वे पेट के संक्रमण से उबर रही हैं। उनके खान-पान पर बारीकी से नज़र रखी जा रही है और वे निगरानी में हैं।

## हम दिल्ली को लंदन-पेरिस नहीं बना सकते : चंदोलिया



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने मंगलवार को कहा कि वे दिल्ली को लंदन और पेरिस नहीं बना सकते। दिल्लीवासियों को सबसे बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास अवश्य किया जाएगा। पिछली केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को लंदन-पेरिस बनाने का झूठा दावा किया था, लेकिन बाद भी दिल्ली जगह-जगह पर डूबती दिखाई पड़ी। दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार बनने के साथ ही दिल्ली को बेहतर बनाने का काम शुरू किया जा चुका है और इसे लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनेगी और पूरे देश में सबको आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। जिस तरह केजरीवाल सरकार के पतन के बाद ही दिल्ली के लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला, उसी तरह ममता बनर्जी की सरकार के जाने के बाद ही पश्चिम बंगाल की जनता को आयुष्मान योजना का लाभ मिल पाएगा।

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि आज ही दिल्ली सरकार ने 33 आरोग्य मंदिरों की शुरुआत कर लोगों को उनके घर के नजदीक मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने की शुरुआत कर दी है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता शुभेंदु शेखर अवस्थी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने अपने कार्यों के माध्यम से बड़ा परिवर्तन करने का कार्य किया है। यह बदलाव देश के हर हिस्से में, कश्मीर और दिल्ली से लेकर कन्याकुमारी तक दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इसी पांच वर्ष में दिल्ली में बड़े बदलाव दिखाई देंगे। सरकार प्रदूषण के विरुद्ध बड़ा अभियान शुरू कर चुकी है। लोगों को बेहतर सुविधाओं के लिए लगातार नई ई बसें उतारी जा रही हैं।

## विदेश यात्रा की वजह से ईडी के सामने पेश नहीं हुए वाड्रा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा आज उनके सामने पेश नहीं होंगे। उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, वे विदेश यात्रा पर हैं और वापस आने के बाद जांच में शामिल होंगे। इससे पहले ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए वाड्रा को अपने दफ्तर बुलाया था। मामला ब्रिटेन के रहने वाले हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। मामले की जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

## शिलांग पुलिस पहुंची इंदौर, सोनम के फ्लैट पर ली तलाशी

**इंदौर।** राजा रघुवंशी मर्डर केस में महत्वपूर्ण सबूत जुटाने के लिए शिलांग पुलिस इंदौर आई। वह देवास नाका क्षेत्र के उस फ्लैट में भी पहुंची, जहां सोनम ने दस से ज्यादा दिन गुजारे थे। टीम को फ्लैट से ज्यादा कुछ नहीं मिला। शिलांग पुलिस की टीम अपने साथ किसी आरोपी को लेकर साथ नहीं आई, लेकिन पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उन्हें जो जानकारी दी। उसकी कड़ी जोड़ने और उससे जुड़े सबूत एकत्र करने टीम इंदौर आई है। शिलांग पुलिस राजा और सोनम के घर भी जाएगी और परिजनों से पूछताछ भी करेगी। पुलिस ने सोनम के भाई गोविंद को भी शिलांग पुलिस ने बुलाया है। शिलांग में हत्या के बाद सोनम रघुवंशी इंदौर आ गई थी। वह कुछ दिन राज के घर रुकी थी। फिर देवास नाका के फ्लैट में दस से ज्यादा दिन रुकी। फ्लैट विशाल ने लिया था। राजा के परिजनों ने भी कहा कि उन्हें शिलांग पुलिस के इंदौर आने की जानकारी मिली है।

## हाई कोर्ट में अंबेडकर की मूर्ति लगाने कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन

### 25 को ग्वालियर में सामूहिक उपवास




**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर हाई कोर्ट में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर मचे विवाद के बीच अब कांग्रेस प्रदेश व्यापी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। एमपी कांग्रेस 23 से 25 जून तक प्रदेश भर में इस मुद्दे पर जनजागरण अभियान चलाएगी। भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक फूल सिंह बरैया ने इस मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा, ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब की मूर्ति नहीं लगने दी जा रही है। इसे लेकर कांग्रेस पार्टी 23 जून से 25 जून तक तीन दिनों का एक वैचारिक जनजागरण आंदोलन करने जा रही है। कांग्रेस पार्टी समाज के सभी वर्गों को यह बताएगी कि बाबा साहब ने जो संविधान बनाया उसमें सभी को अधिकार दिए गए हैं।23 जून को कांग्रेस के सभी नेता कार्यकर्ता घर-घर जाकर संविधान की चर्चा करेंगे। 24 जून को किसी भी एक मोहल्ले, बस्ती में वंचित वर्ग के लोगों के साथ सामूहिक भोजन करेंगे। और संविधान की चर्चा करेंगे। 25 जून को विधायक, जिलाध्यक्ष और सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा ग्वालियर में सामूहिक उपवास किया जाएगा। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने अंबेडकर जी पर टिप्पणी की।

## ईरान का इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

### मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया, इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा

**तेहरान/तेल।** इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी एएमएएन की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। अली शादमानी ने मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह ली थी। इजराइल ने 13 जून को हमले में उनकी हत्या कर दी थी। खतम अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स ईरान की मुख्य सैन्य कमांड यूनिट है।

## अहमदाबाद विमान हादसे के बाद हॉस्टल की तीसरी मंजिल से कूदते दिखे छात्र

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण चपेट में आए मेडिकल हॉस्टल से छात्रों के कूदने का डरावना वीडियो सामने आया है। इन वीडियो में छात्र हॉस्टल की तीसरी मंजिल से चादर और बालकनी में लगी लोहे की जाली से कूद रहे हैं। हालांकि अमर उजाला इन वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि, एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ मिनट ही बाद रिहायशी इलाके में मौजूद मेडिकल हॉस्टल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## पीडीए राजनीतिक नहीं भावनात्मक गठबंधन है : अखिलेश

### पंचायत चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए एक राजनीतिक नहीं बल्कि भावनात्मक गठबंधन है। जो भी पीड़ित, दलित, वंचित और गरीब है वो पीडीए का हिस्सा है। मुझे खुशी है कि आज पसमांदा समाज भी इसमें शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि पी का एक मतलब पसमांदा समाज भी होता है। अखिलेश यादव मंगलवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम पंचायत चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं और भाजपा लगातार सपा के वोट कम करने के लिए काम कर रही है लेकिन अब लोग भी समझ रहे हैं। वहीं, जाति जनगणना की अधिसूचना जारी होने पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये लोग (भाजपा) अभी तक तो कोई ढंग का काम करवा नहीं सके जाति जनगणना क्या करवाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की हालत खराब है। अभी नीट का परिणाम आया है अगर कॉलेजों में स्टॉफ नहीं होगा तो हम कैसे डॉक्टर्स तैयार करेंगे।

## फिर पटरी पर लौटा मानसून: केरल से कश्मीर तक झमाझम बरसात

### अगले दो दिन पूरे देश में भारी बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** कुछ दिन के ठहराव के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून पटरी पर लौट आया है। सोमवार को मानसून दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश तक पहुंच गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और गुजरात व मध्य प्रदेश के कुछ और हिस्सों तक मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। पश्चिमी हिमालयी राज्यों में मानसून पूर्व और गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश और मुंबई से लेकर केरल तक झमाझम मानसूनी बारिश हो रही है। मुंबई के कई इलाकों में जलभराव हो गया है और रेल व हवाई सेवा भी प्रभावित हुई है। अगले दो दिन भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर गुजरात के लिए रेड अलर्ट, उत्तर प्रदेश समेत 18 राज्यों के लिए ऑरेंज और जम्मू-कश्मीर समेत 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि मानसून के सक्रिय होने से इस हफ्ते पूरे मध्य भारत तक बारिश होने की संभावना है। इससे तपती गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मॉनसून की बारिश ने लगभग पूरे पश्चिमी राज्य महाराष्ट्र को कवर कर लिया और पड़ोसी गुजरात और मध्य प्रदेश में भी प्रवेश कर गया। एक अन्य मौसम अधिकारी ने बताया कि मानसून ने अपेक्षित गति पकड़ ली है और अगले दस दिनों में पश्चिमी तट, मध्य और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आएगी। मध्य भारत में अगले 4-5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है।

आईएमडी ने 17 और 18 जून को पूरे देश में भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। गुजरात के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गोवा, तटीय कर्नाटक, केरल और असम को छोड़कर पूर्वोत्तर के सभी छह राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। असम, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, पुडुचेरी और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के लिए यलो अलर्ट जारी हुआ है।

मायानगरी मुंबई में सोमवार को मूसलाधार बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए और सड़क यातायात, उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवा और मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हुईं।

# आजीविका मिशन से जुड़े समूह के महिलाओं ने कलेक्टर से की शिकायत

## विभाग के अमले पर राशि हेराफेरी एवं करोड़ रूपये राशि आहरित करने का लगाया सनसनी खेज आरोप



**सिंगरौली।** म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में सब कुछ ठीक-ठाक नही है। चितरंगी के बाद बैढ़न विकास खण्ड के काजल आजीविका स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आजीविका मिशन से जुड़े हुये अधिकारियों एवं संगठनों पर सनसनी खेज आरोप लगाते हुये आज कलेक्टर से मिलकर शिकायत की है। शिकायत में राशि की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है।

दरअसल बैढ़न विकास खण्ड के म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े काजल आजीविका स्व सहायता समूह के फुलकुमारी समेत करीब एक दर्जन महिलाएं शिकायत पत्र लेकर कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंची हैं। जहां समूह की महिलाओं ने कोलांचल के 35 ग्राम संगठन एवं समूहों को जांच कराकर आजीविका मिशन से जुड़े धीरज तिवारी, रमेश शाह, कुंवर शाह, प्रवीना शाह, सुनीता शाह के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की मांग की है। काजल आजीविका मिशन स्व सहायता समूह के सीआरपी निवासी पड़री फुलकुमारी ने बताया है कि वर्ष 2018 से लेकर अब तक लाखों-करोड़ों रूपये की हेराफेरी की गई है। आजीविका मिशन से जुड़े धीरज तिवारी, रमेश शाह व अन्य के द्वारा बैंकों से सांठगांठ कर राशि आहरण कराने में सफल रहे हैं। समूहों से जुड़े सदस्यों को हजार-पॉच सौ रूपये देकर ड्रावल में हस्ताक्षर करा ले रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया है कि करीब तीन-चार महीनों से लगातार उक्त मामले की जांच कराये जाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के यहां आवेदन दिया जा रहा है। लेकिन अभी तक संबंधित जनों के विरूद्ध न तो कई जांच दल बैठाई गई और न ही उनके विरूद्ध कार्रवाई की गई। समूह से जुड़े महिलाओं का आरोप है कि यदि शीघ्र मामले की जांच नही कराई गई तो हम सभी महिलाएं आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। फिलहाल आजीविका मिशन सिंगरौली में पिछले चार सालों से गड़बड़ घोटाला हो रहा है। यह बात किसी से छुपी नही है। एक वर्ष पूर्व बच्चों के गणवेश वितरण में जिस तरह से घोटाला हुआ। वह जगजाहिर है। इसके अलावा चितरंगी क्षेत्र में भी जमकर राशि की दुरूपयोग एवं बंदरबांट की गई है। इसकी पूर्व में शिकायते भी हुई, लेकिन जिला प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी मिलकर शिकायत पत्र को ही रद्दी टोकरी में फेंकने में माहिर हैं। यहां बताते चले कि म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सिंगरौली पिछले तीन वर्ष से गणवेश वितरण को लेकर सवालों में घिरा रहा है। जिला प्रबंधक की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में रही है। किसी तरह पिछले सत्र में गणवेश का वितरण शत-प्रतिशत कराने का दावा किया है, उस दावे पर कोई सवाल नही करना चाहता, लेकिन इसके पूर्व स्कूली बच्चों को मिलने वाले गणवेश के वितरण में जितनी धांधली हुई। वह जगजाहिर है। जिला पंचायत के अधिकारी व प्रबंधक की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं अब और स्व सहायता समूह भी राशि के हेराफे री को लेकर उक्त विभाग के सवालों को कटघर्रे में खड़ा कर रहा है।

### इनका कहना

काजल आजीविका मिशन स्व सहायता समूह के सदस्य फुलकुमारी का आरोप बेबुनियाद है। बैंक से ब्लैकलिस्टेड हो चुकी है। महिलाओं को बरगला कर जिला मुख्यालय बैढ़न शिकायत कराने लाई जाती है। शिकायतकर्ताओं में महिलाएं भी इस तरह का बयान दी हैं। उक्त महिला की शिकायत की जांच भी कराई जा चुकी है और आरोप कुछ भी नही साबित हुआ।

धीरज तिवारी
**ब्लॉक प्रबंधक आजीविका मिशन बैढ़न**

# महावीर कोल वाशरी नौढ़िया में फैला रहा प्रदूषण

## लोगों में बढ़ रही भारी नाराजगी, प्रदूषण क्षेत्रीय अमला मौन





**सिंगरौली।** जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत नौढ़िया में स्थित महावीर कोल वाशरी के प्रदूषण से यहां के रहवासी त्रस्त होकर जनपद सदस्य राजेश कुमार सिंह के साथ मिलकर मोर्चा खोल दिया है। वही महावीर कोल वाशरी पर गरीबों के जबरन मकान गिराने का भी गंभीर आरोप लगाया जा रहा है।

जनपद सदस्य राजेश कुमार सिंह का आरोप है कि ग्राम पंचायत नौढ़िया में स्थित महावीर कोल वाशरी रोजाना लाखों टन कोयले को वॉश कर के सप्लाई किया जा रहा है। कोल वॉश से निकलने वाले दूषित कोयला मिश्रित पानी के निपटारे के लिए उक्त कोल वाशरी के द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई है और यहां से निकलने वाला दूषित पानी आसपास के क्षेत्र में खुले में बहाया जा रहा है। जिसके कारण आसपास का पूरा क्षेत्र कोल वाशरी से निकलने वाले दूषित पानी से प्रभावित हैं। ग्रामीणों के घरों एवं खेतों में जमा हो रहा है। जिसके कारण कई लोगों की पूर्व में फसले चौपट हो गई। पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो रहा है। आगे आरोप लगाया है कि आसपास के क्षेत्र के जिस तरह से उक्त कोल वाशरी का दूषित पानी खेतों में पहुंच रहा है। वही भविष्य के लिए काफी कष्टदायक है। ऐसे में इससे प्रभावित लोगों के कई तरह के बीमारियों से भी जूझना पड़ेगा और आसपास के खेतों की उर्वरक्ता नष्ट हो जाएगी। जनपद सदस्य ने कलेक्टर से भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन आरोप है कि आज तक जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अमला कोई समाधान नही निकाल पाया है। आरोप लग रहे हैं जिला प्रदूषण अधिकारी जिले में प्रदूषण को रोकने में अब तक फेल साबित हुये हैं। यहां के ग्रामीण धर्मराज, रामलल्लू, श्यामसुन्दर व अन्य ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

इधर जनपद सदस्य के अलावा कांग्रेस नेता भास्कर मिश्रा, अतुल शुक्ला समेत पीड़ित प्रेम कुमार ने आरोप लगाया है कि महावीर कोल वाशरी के सहयोग में प्रशासन खुलकर सामने आया है। प्रेम कुमार का कहना है कि बिना मुआवजा व सूचना नोटिस दिये कोल वाशरी के स्टाफ द्वारा जेसीबी मशीन से घर गिरा दिया गया। जबकि कलेक्टर से मिलकर अपने समस्या को सुनाया, आश्वासन के अलावा कुछ भी नही मिला। प्रेम कुमार ने आरोप लगाया है कि पुलिस, राजस्व अधिकारी मिलकर मकान को गिराने का कार्रवाई कराया था। जो गलत है।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण किया शुभांरभ

## सीपीआर तकनीक पर विशेष जानकारी किया प्रदान



**सिंगरौली।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा संचालित सेट जॉन एम्बुलेंस इंडिया के तत्वाधान में जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

यह प्रशिक्षण 16 से 18 जून तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन फर्स्ट एड ट्रेनर डॉ. डीके मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक उपचार का उद्देश्य घायल अथवा अस्वस्थ व्यक्ति की जान बचाना, उसकी स्थिति को स्थिर बनाए रखना एवं चिकित्सा सुविधा मिलने तक समुचित देखभाल सुनिश्चित करना होता है। इस दौरान गोल्डन आवर का महत्व भी समझाया गया। यह वह अमूल्य समय होता है, जब समय रहते सही प्राथमिक चिकित्सा मिलने से जीवन बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण का विशेष आकर्षण रहा सीपीआर तकनीक पर विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण। उनके द्वारा प्रतिभागियों को बताया कि सीपीआर हृदयगति रुकने या श्वास रुकने की स्थिति में दी जाने वाली एक अत्यंत आवश्यक और जीवनरक्षक तकनीक है, जो हृदय और मस्तिष्क तक ऑक्सीजनयुक्त रक्त के प्रवाह को बनाए रखने में सहायक होती है।

# वन चौकीदार की नही मिला 15 महीने का भुगतान

**सिंगरौली।** तहसील सरई क्षेत्र के अधियरिया निवासी बलराज सिंह पिता सोभन सिंह ने कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन पत्र देते हुये शिकायत किया है कि वर्ष 2023 से लेकर अब तक मजदूरी वन विभाग में चौकी दार के पद पर बीट बरका में कार्य करता आ रहा हूँ। लेकिन 15 महीने से पारिश्रमिक भुगतान नही दिया गया। बीच-बीच में तीन या चार माह का अंशभाग रकम दी गई है। उसने बताया कि पारिश्रमिक भुगतान न मिलने से परिवार का भरण पौषण करने में दिक्कते आ रही हैं।

# सरई क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निकाली गई जनजागरण पदयात्रा

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन



**सिंगरौली।** भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा सरई के तत्वाधान में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर एक सशक्त जनजागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया।

यह पदयात्रा सरई के पिपराही तालाब से प्रारंभ होकर सरई तहसील कार्यालय तक निकाली गई। जिसमें संगठन के जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। पदयात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक 11 सूत्रीय ज्ञापन सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा को सौंपा गया। ज्ञापन में सरई क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को चिन्हित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरई क्षेत्र के गांव-गांव में देशी-विदेशी एवं कच्ची महुआ की शराब और गांजे की खुलेआम बिक्री हो रही है, जो प्रशासनिक संरक्षण में फल-फूल रही है। अवैध शराब माफियाओं के बढ़ते आतंक से समाज विशेषकर युवावर्ग बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। संगठन ने इन पर कठोर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसी क्रम में सरई रेलवे स्टेशन पर कोयले की लोडिंग से उत्पन्न कोल डस्ट एवं शोरगुल से नागरिकों को होने वाली कठिनाइयों पर चिंता व्यक्त की गई। मझौली की तर्ज पर स्टेशन से दूर वैकल्पिक रेललाइन बिछाने की मांग उठाई गई है, जिससे रहवासियों को राहत मिल सके। सहित अन्य मांग शामिल हैं। इस जनजागरण पदयात्रा में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रेम सागर गुप्ता, शिवाकांत अग्रहरि, विजय जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# पीएफ का भुगतान कराये जाने की मांग

**सिंगरौली।** एनसीएल नेहरू चिकित्सालय जयंत में कार्य करने वाले श्रमिक मुन्नी देवी पति विनोद राम निवासी जयंत ने कलेक्टर के जनसुनवाई में शिकायत किया है कि मेरे पीएफ का भुगतान नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत के ठेकेदार के द्वारा नही दिया जा रहा है। पीएफ भुगतान मांगे जाने पर पॉच हजार रूपये की सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। वही ठेकेदार के मुंशी प्रभाकर मिश्रा के द्वारा डाटफटकार कर भगा दिया जाता है और चेतावनी दी गई कि ज्यादा शिकायत करोगी तो कार्य से बाहर कर दिया जाएगा।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

## कई शिक्षक मिले गैरहाजिर, नोटिस देकर तीन दिवस के अंदर मांगा जवाब

**सिंगरौली।** नवीन शैक्षणिक सत्र के दूसरे दिन आज जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने परीक्षा केन्द्रों के साथ-साथ कई विद्यालयों का निरीक्षण किये। जहां कुछ मास्साहब आम-जामुन खाते मिले। वही कुछ मास्साहब उपस्थित पंजी में हस्ताक्षर कर नदारत रहे। कुछ विद्यालयों में छात्र भी नजर नही आये। ऐसे लापरवाह शिक्षको को जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी करने निर्देश जारी किया है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने आज दिन मंगलवार को बोर्ड परीक्षा के द्वितीय अवसर में परीक्षा केन्द्र शा. उत्कृष्ट देवसर, शा उमावि कन्या देवसर, माडल देवसर में हो रही परीक्षा का निरीक्षण किया । जहां परीक्षा शांन्ति पूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। इसके साथ ही विकास खण्ड देवसर अंन्तर्गत शा. हाई स्कूल ढ़ोगा, शापूमावि वि महुली खाड़ी, शाप्रावि देवरा, शाप्रावि, खोभा, संकुल केन्द्र शाउमावि कन्या देवसर का भी आकस्मिक निरीक्षण के दौरान शाहाई स्कूल ढ़ोगा संस्था में कुल दस शिक्षक कार्यरत है। जिसमें 8 शिक्षक उपस्थित रहे। शेष 2 शिक्षक अवकाश पर थे। डीईओ ने शिक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

वही शापूमावि महुली खाड़ी मोनिका सिंह, निकिता प्रा शिक्षक, कर्मचारी उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर बनाकर विद्यालय से अनुपस्थित पाई गई। इन अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध अनुशासनातमक कार्यवाही के लिए कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस के अंन्दर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देशित किया। वही जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें शाप्रावि देवरा नागेश्वर प्रसाद शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक, विद्यालय बन्द कर विद्यालय परिसर से दूर जामुन के पेड़ के नीचे जामुन खाते पाये गये । वही विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नही पाये गये ।

# गांजा कारोबारी के घर से दो हरे गांजे के पेड़ बरामद

**सिंगरौली।** सरई पुलिस ने गजराबहरा में एक गांजा कारोबारी के घर में दबिश देते हुये उसके आंगन से करीब 1 किलो 170 ग्राम वजन के दो हरे गांजा के पेड़ जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम गजराबहरा में एक व्यक्ति अपने घर के आगंन में अवैध मादक पदार्थ गांजा के पौधे लगाये हुये है मुखविर की सूचना दर्ज कर पुलिस टीम रवाना हो कर ग्राम गजराबहरा पहुंच कर रेड कार्यवाही की। जहां मुखबिर के बताये स्थान पर जगदीश गुप्ता पिता हरिदास गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम गजराबहरा सरई के यहां दबिश देकर घर के आगंन की तलाशी ली गई। आंगन में 2 हरे पौधे कुल वजनी 1 किलो 170 ग्राम कीमत 12 हजार रूपये अवैध मादक पदार्थ गांजा के बरामद कर समक्ष गवाहान के जप्त किया गया । आरोपी का जुर्म धारा 8/20, एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये से आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया।

# दोनों हाथों से दिव्यांग बालक कलेक्टर से मिलकर कहा साहब मेरे घर में शौचालय नही है

**सिंगरौली।** ग्राम पंचायतों को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। लेकिन जनपद बैढ़न के ग्राम कंजी निवासी एक दिव्यांग बालक ने शौचालय का निर्माण को पोल खोल दिया है।

कंजी निवासी कमलेश प्रसाद पटेल के सात वर्षीय पुत्र दिवाकर पटेल आज दिन मंगलवार को कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंचा। जहां दोनों हाथ से पूरी तरह से दिव्यांग दिवाकर ने बताया कि साहब मेरे घर में शौचालय नही है।

# भाजपा की विकसित भारत संकल्प बैठके लगातार जारी



**सिंगरौली ।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि तक अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों मे मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प बैठके अनवरत जारी हैं। ये बैठके क्रमशः मंडल बैढ़न, विंध्यनगर, खुटार एवं जयंत में सम्पन्न हुईं। ये सभी बैठके मंडल मुख्यालयों पर सम्पन्न हुईं तथा संगठन की ओर से तय वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा अध्यक्षता संबंधित मंडल अध्यक्षों ने की । वक्ताओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बिंदुओं पर अपने विचार साझा किए।

भाजपा के जिला कार्यालय में बैढ़न एवं विंध्यनगर मंडलों की बैठके सम्पन्न हुईं। इन बैठकों मे बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह मौजूद रहे। मंडल बैढ़न की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह तथा विंध्यनगर मंडल की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह बैठक में उपस्थित रहे। इन बैठकों की अध्यक्षता संबंधित मंडल के अध्यक्षों ने की। विकसित भारत संकल्प सभा की इन बैठकों में मुख्य वक्ताओं ने मोदी के 11 वर्षीय कार्यकाल की विशिष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बदलते भारत की तस्वीर को कार्यकर्ताओं के बताया तथा एक आम जन के जीवन से लेकर राष्ट्रीय बदलाव के प्रतिबंध को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा । वक्ताओं ने आज भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था तथा भारत की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विषय पर प्रकाश डाला तथा आज के सशक्त भारत का श्रेय मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को दिया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में इस अभियान से संबंधित समस्त कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के गुर कार्यकर्ताओं को सिखा तथा कार्यक्रम के उद्देश्य को ध्यान में रखकर अपने आयोजनों को संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने सरकार की ऐसी मर्मस्पर्शी योजनाओं पर प्रकाश डाला जो एक आम भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए श्रृजित की गई हैं। इन बैठकों में संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, आशा यादव, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे, जिलामंत्री पूनम गुप्ता, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक विनोद द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो बालिकाओं की दर्दनाक मौत

**सिंगरौली।** पुलिस चौकी क्षेत्र निवास के महुआंगांव में आज दोपहर करीब 1:30 बजे आम के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से दो चचेरी बहनों की दर्दनाक मौत हो गई।

निवास पुलिस चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह के अनुसार आज दिन मंगलवार की दोपहर के वक्त हल्की आंधी आई। इस दौरान ग्राम महुआंगांव के पूनम साहू पिता रतिलाल साहू उम्र 16 वर्ष ने अपने चचेरी बहन अंशिका साहू उर्फ ऊशा साहू पिता महेश कुमार साहू ग्राम सेंदुरा पुलिस चौकी मड़वास आम के पड़े के नीचे आम फल बिनने पहुंच गई। इसी दौरान बूंदाबांदी के साथ चमक गरज शुरू हुआ और आम के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। इस हादसे में पूनम एवं अंशिका ने दम तोड़ दी। अंशिका अपने नैनिहाल आई थी। इस घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 08/2025–26 | सीधी, दिनांक 16.06.25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : –

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_430893 | उपसंभाग सीधी के अन्तर्गत बारी पनियरा मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य (अनुबंध क्र. 42 वर्ष 2018–19 दिनांक 08.08.2018 के परफारमेन्स गारंटी अन्तर्गत) लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.25 | 10.87 | 1. 21740<br>2. 2000 | 1. द्वितीय आमंत्रण<br>2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 10.87 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 19.06.2025 सुबह 10.30 से 03.07.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

( एम.के. परते )
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी ( म.प्र. )

जी–14446/25

# जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर ने सुनी 210 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर एस पी मिश्रा द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 210 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार केपी श्रीवास्तव का हुआ निधन

## दिवंगत श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि

**सीधी**



सीधी जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं साप्ताहिक समाचार पत्र सीधी संदेश के संपादक श्री के पी श्रीवास्तव का मंगलवार दिनांक 17.06.2025 को रीवा में उपचार के दौरान निधन हो गया है। श्री श्रीवास्तव लगभग 77 वर्ष के थे और विगत कुछ माह से बीमार चल रहे थे। श्री श्रीवास्तव राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार थे। जिला जनसम्पर्क कार्यालय सीधी में सहायक संचालक मुकेश कुमार मिश्रा, संजीव मिश्रा, दीपनारायण द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह बघेल, आनंद गुप्ता अकेला, प्रवेंद्र द्विवेदी, अमित तिवारी सहित कार्यालय के कर्मचारियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा श्री के पी श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करे।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाने के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**सीधी।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकरण के लिए किसानों को सलाह

**सीधी।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए एमपी किसान पोर्टल (डच् ज्ञपेंद च्वतजंस) पर पंजीकरण करने की सलाह दी गई है। यह पोर्टल किसानों के लिए एक सुगम और पारदर्शी मंच है, जिसके माध्यम से वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी, बीज अनुदान, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे पंजीकरण के लिए अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, खसरा-खतौनी और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए स्थानीय कृषि कार्यालय, पंचायत स्तर पर सहायता केंद्र, और कॉमन सर्विस सेंटर पर सहायता उपलब्ध है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे केवल प्रमाणित दस्तावेजों का उपयोग करें और आवेदन से पहले पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।पंजीकरण के बाद, किसान पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल अपडेट रखें और योजनाओं की समय-सीमा व पात्रता की जानकारी के लिए नियमित रूप से जांच करें। यह पोर्टल न केवल योजनाओं के लिए आवेदन की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य, फसल चक्र, और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है। अधिकारियों ने जोर दिया कि समय पर पंजीकरण और सही जानकारी प्रदान करने से योजनाओं का लाभ त्वरित और निर्बाध रूप से प्राप्त हो सकता है। किसानों से अनुरोध है कि वे नजदीकी कृषि समन्वयक या जिला कृषि कार्यालय से संपर्क करें और एमपी किसान पोर्टल के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# सर्प-दंश से बचाव के लिए जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

## अस्पतालों में एंटी-वेनम व उपचार की समुचित व्यवस्था और हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश

**सीधी।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग ने वर्षाकाल के दृष्टिगत सर्पदंश की घटनाओं के नियंत्रण एवं बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जिलों के कलेक्टर को आवश्यक तैयारी एवं जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। सर्प-दंश स्थानीय आपदा घोषित है, इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए हर जिले के लिए 23.17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि का उपयोग प्रशिक्षण, जन-जागरूकता, मॉक ड्रिल, उपकरण की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों में किया जाएगा।

वर्षा ऋतु में सांपों के प्राकृतिक आवासों में जलभराव हो जाने से वे मानव बस्तियों की ओर आ जाते हैं, जिससे सर्प-दंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, खेतों, नदी किनारे एवं बस्तियों की परिधियों में यह खतरा अधिक होता है। उक्त के प्रति लोगों में जागरूकता लाना, तथा प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाना अति आवश्यक है। सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे पंचायत एवं शहरी वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित करें। स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता सत्र आयोजित हों। सोशल मीडिया, रेडियो, दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर एवं लोक-प्रदर्शन (नुक्कड़ नाटक आदि) के माध्यम से सूचना का व्यापक प्रसार किया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि सर्पदंश के प्रति संवेदनशील इलाकों में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर 'सर्प मित्र', सिविल डिफेंस वालंटियर्स एवं स्नेक-कैचर्स की टीम बनाई जाए। शासन द्वारा यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी जिलों में 'स्नेक-कैचर्स' और 'सर्प मित्रों' का विस्तृत डाटाबेस तैयार कर, उन्हें पंचायत/वार्ड स्तर पर नियुक्त किया जाए। सर्प मित्रों के हेल्पलाइन नंबर जारी कर व्यापक प्रचार भी किया जाए। इन मित्रों को स्नेक रेस्क्यू किट, फर्स्ट एड किट एवं आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे वे सर्पदंश की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित बचाव कार्य कर सकें।

शासकीय चिकित्सा संस्थानों में सर्पदंश के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयाँ, उपकरण और पर्याप्त मात्रा में एंटी-वेनम स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पतालों में नागरिकों को प्राथमिक उपचार, चेतावनी संकेत, तथा सर्पदंश से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी देने वाले सूचना बोर्ड प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे जिला आपदा प्रबंधन योजना में सर्प-दंश को स्थानीय आपदा के रूप में शामिल करें। इसके तहत पूर्व वर्षों की घटनाओं का जोखिम मूल्यांकन, प्रभाव क्षेत्र और प्रभावित वर्गों की पहचान कर एसओपी तैयार किया जाए। जीआईएस आधारित मैपिंग करते हुए डिजिटल डाटाबेस बनाया जाए, जिसमें घटनाओं की संख्या, स्थान, सांप की प्रजाति, एवं मृत्यु/रोगी की जानकारी सहेजी जाए। जन सामान्य को सलाह दी गई है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते-मोज़े पहनें, गहरे रंग के कपड़े पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है।

सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है।

सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्प-दंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में कक्षा 6वीं में आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई

**सीधी।** प्रभारी प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट ने जानकारी देकर बताया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी के कक्षा 6वीं में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन हेतु विद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29.07.2025 है। अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01.05.2014 से 31.07.2016 के बीच होना चाहिए, अभ्यर्थी सीधी जिले का निवासी होना चाहिए एवं सीधी जिले में ही 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए, पात्रता पूर्ण करने वाले अधिक से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करें।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष कैम्प शिविर होंगे आयोजित

**सीधी।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत 134 ग्रामों में निवास करने वाले जनजातीय वर्ग के लोगों के लिए 15 जून से 30 जून तक विशेष विकास शिविर लगाये जा रहे हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी द्वारा बताया गया कि दिनांक 17 जून 2025 को जिले के सभी जनपद में आयोजित होने वाले शिविरों के माध्यम से सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभांवित किया जावेगा। शिविर में जनजातीय समुदाय के लोगों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जाति प्रमाण, जनधन योजना आदि सेवाओं का लाभ संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति में दिया जायेगा। उक्त अभियान के सफल संचालन और आम लोगों के बीच जागरूकता के लिए संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

दिनांक 17 जून 2025 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान/प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महा अभियान जिला सीधी के जनपद सिहावल के ग्राम पंचायत सिहौलिया के ग्राम सिहौलिया और ग्राम पंचायत गोडाही के ग्राम जतखनिया, जनपद रामपुर नैकिन के ग्राम पंचायत पोस्ता के पोस्ता और अमिलहा एवं ग्राम पंचायत अहिरान टोला के अहिरान टोला, जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत ऐठी के कतरीकाडी और ग्राम चौफाल पवाई, जनपद मझौली के ग्राम पंचायत करमाई के ग्राम करमाई में एवं ग्राम पंचायत गजरी के ग्राम अमझर में जनपद कुसमी के ग्राम पंचायत अमगाव के ग्राम अमगाव में एवं ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्राम पोड़ी में शिविर का आयोजन होना है।

# एक दिवसीय रोजगार मेले में 123 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई. सीधी एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी (म.प्र.) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 17 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी के परिसर में एक दिवसीय ''युवा संगम'' के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें देश/प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 08 कंपनियों ने भाग लिया जिसमें 167 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया एवं 123 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन, जनजातीय कल्याण विभाग सीधी, आदि विभागों में चलने वाली स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आकांक्षी युवाओं को स्वरोजगार संबंधी जानकारी दी गई।

# संविदाकारो ने श्रम विभाग में लगाई न्याय की गुहार, मनमानी पर लगे अंकुश

**सीधी**

सोमवार को जिले के संविदाकारो द्वारा श्रम विभाग जिला कार्यालय पहुॅच कर अर्ध कुशल श्रमिक एवम कुशल श्रमिकों की मनमानी पर विधि अनुरूप अंकुश एवम किये श्रम के आधार पर पूरा भुगतान हेतु चर्चा करते हुए न्याय की गुहार लगाई गयी। बताया गया कि मध्यम वर्गीय परिवार का व्यक्ति अपने पूरे जीवन काल की जमां पूजी इकट्ठा करके, व्याज में पैसे लेकर अपने सपनो को आकार देने हेतु एक घर बनवाता है किन्तु उसका धन भी जाता है और उसके बदले उसे मिलने वाली खुशी व संतुष्टि भी प्राप्त नही होती है। वर्षो से चली आ रही उक्त समस्या के निदान हेतु जिला प्रशासन का हत्ताक्षेप अति आवश्यक है।

गणेश साहू जिला अध्यक्ष श्री गणेश जन कल्याण समिति ग्राम रोझौंहा बंजारी सीधी ने बताया कि 16 जून 25 को जिले समस्त संविदाकार एवम संगठन के अन्य सदस्यजन जिला श्रम अधिकारी से मुलाकात कर जिले के समस्त श्रमिकों के हितो की रक्षा के साथ उनको अन्य शासन की कल्याण कारी नितियों से लाभान्वित होने की बात की साथ ही प्रभारी जिला श्रम अधिकारी इंद्रजीत सिंह से मुलाकात के दौरान बताया कि कुछ श्रमिकों के द्वारा मनमानी ढंग से शासन द्वारा निर्धारित अर्ध कुशल श्रमिक एवम कुशल श्रमिकों के दिहाड़ी मूल्य के विपरीत जाते हुए कई गुना अधिक तक मांग कर रहे हैं। जिसके चलते मध्यम वर्गीय परिवार पर दिनो दिन अनावश्यक भार पड़ता जा रहा है। ऐसे में जिले लाखो परिवारों के हितो की रक्षा हेतु जिला प्रशासन को आगे आ कर विधि अनुरूप निर्णय लेते हुए त्वरित रूप से उचित विधिक निर्णय लेना चहिये।

# सुंदरकाण्ड पाठ सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला माना गया

**सीधी।** कार्तिकेय मंदिर में 108 सुंदरकांड करने का हुआ संकल्प श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजिका श्रीमती गुड़िया पांडे के मनसा अनुसार मंदिर की व्यवस्थापक शिवकुमार सिंह चौहान मार्गदर्शन में, भारत हिंदू राष्ट्र एवं गुरुकुल की स्थापना के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सामूहिक रूप से 108 सुंदरकांड का लक्ष्य रखा गया है जिसमें सभी श्रद्धालु भक्तगण अपनी सहभागिता निभा सकते हैं। सुंदरकांड का महत्व देखते हुए प्रकाश डाला गय। सुतीक्ष्ण पंडित जी ने बताया महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पर आधारित महाकाव्य रामचरित मानस का पंचम सोपान है सुंदरकाण्ड। सुंदरकाण्ड में रामदूत, पवनपुत्र हनुमान का यशोगान किया गया है इसलिए सुंदरकाण्ड के नायक श्री हनुमान हैं। संयोजिक श्रीमती गुड़िया पांडे ने बताया की अब सवाल यह उठता है कि सुंदरकाण्ड का नाम सुंदरकाण्ड क्यों रखा गया। दरअसल, हनुमानजी, सीताजी की खोज में लंका गए थे और लंका त्रिकुटांचल पर्वत पर बसी हुई थी। त्रिकुटांचल पर्वत यानी यहां 3 पर्वत थे। पहला सुबैल पर्वत, जहां के मैदान में युद्ध हुआ था। दूसरा नील पर्वत, जहां राक्षसों के महल बसे हुए थे। तीसरे पर्वत का नाम है सुंदर पर्वत, जहां अशोक वाटिका निर्मित थी। इसी वाटिका में हनुमानजी और सीताजी की भेंट हुई थी। सुंदर पर्वत पर ही सबसे प्रमुख घटना घटित होने के कारण इसका नाम सुंदरकाण्ड रखा गया। सुन्दर पर्वत पर ही अशोक वाटिका थी इसी अशोक वाटिका में ही हनुमानजी और सीताजी का मिलन हुआ था इसीलिए इस काण्ड का नाम सुन्दरकाण्ड रखा गया। कहते हैं कि यहां की घटनाओं में हनुमानजी ने एक विशेष शैली अपनाई थी। कार्तिकेय मंदिर व्यवस्थापक शिवकुमार सिंह ने बताया वास्तव में श्रीरामचरितमानस के सुंदरकाण्ड की कथा सबसे अलग है। संपूर्ण श्रीरामचरितमानस भगवान श्रीराम के गुणों और उनके पुरुषार्थ को दर्शाती है। सुंदरकाण्ड एकमात्र ऐसा अध्याय है, जो श्रीराम के भक्त हनुमान की विजय का काण्ड है। सुंदरकाण्ड का पाठ सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला माना गया है। किसी भी प्रकार की परेशानी या संकट हो, सुंदरकाण्ड के पाठ से यह संकट तुरंत ही दूर हो जाता है इसीलिए मन में भाव आया कि क्यों न 108 सुंदरकांड की संकल्प ली जाए जिसमें समस्त भक्तगणों का भलाहो सके। प्रतिदिन चल रहे सुंदरकांड में किसी न किसी भक्त का योगदान रहता है जिन भक्तों को अपने नाम से संकल्प करवाना हो वह अवश्य आकर कर सकते हैं। 14 जून 2025 दिन शनिवार को श्रीमती उर्मिला अरूण कुमार द्विवेदी मुख्य संकल्प लिए सहभागी बने जहां शहर के भक्तगण सुंदरकांड के पश्चात विशालभडारे का प्रसाद ग्रहण किये।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1551.44 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 56.85 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। इसी क्रम में 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेण्डर रिफिलिंग के लिए 39.14 करोड़ रूपये तथा संबल योजना के 6821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ की अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत सीधी जिले के 02 लाख 10 हजार 764 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 25 करोड़ 86 लाख 55 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए ग्राम बंजारी में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, सुश्री सुनीता रावत प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीधी, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर रविवार दिनांक 15.06.2025 को ग्राम पंचायत बंजारी जिला सीधी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



उक्त शिविर में श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सहायता योजना की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ यदि कोई दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण किया जाता है तो इसका विरोध करें एवं आमजन को जागरूक करें। इसके साथ ही श्री शिवहरे ने नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, आदिवासियों के लिए विधिक सहायता योजना, नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के बारे में जानकारी दी। सुश्री सुनीता रावत प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, भरण-पोषण एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाए योजना 2015, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता योजना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, उनकी सुरक्षा के बारे में आमजन को जागरूक किया।

उक्त शिविर में श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुश्री सुनीता रावत प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीधी, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सरपंच श्री विक्रम सिंह चौहान, उपसरपंच श्रीमती सीता देवी कोल, सचिव प्रितम सिंह चौहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, सुश्री प्रतिमा पाण्डेय पैरालीगल वॉलेंटियर एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# क्या उड़ान सुरक्षा मानकों पर फिर उठने लगे हैं सवाल?

अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास हुई भीषण विमान दुर्घटना ने देश को झकझोर दिया है। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद हुई इस दुर्घटना से जांचकर्ताओं और विमानन विशेषज्ञों के सामने कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। भारत में पिछले दशकों में कई हवाई दुर्घटनाएं देखी गई हैं। हरेक हादसे के बाद विमानन क्षेत्र में सुरक्षा के नए मानकों को लेकर मंथन हुआ है और जरूरी बदलाव किए गए हैं।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक छानबीन के तय मानक हैं और सुझावों को हर देश को मानना होता है। सवाल उठता है कि अहमदाबाद में क्या हुआ। हादसे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनसे स्पष्ट है कि विमान उड़ते समय नीचे गिरा। अचानक विमान की बिजली ठप हो जाने से ऐसा होता है। इससे इंजन बंद हो जाते हैं, लेकिन इस बात की कम संभावना होती है कि किसी विमान के दोनों इंजन एक साथ बंद हो जाएं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हादसे में एक बात खटकने वाली है। विमान के उड़ान भरते ही लैंडिंग गियर को ऊपर उठा दिया जाता है, लेकिन इसका लैंडिंग गियर नीचे था। संभव है कि पायलट को इंजन में खराबी का पता चला हो और उसने संभालने की कोशिश की हो।दरअसल, विमान का उड़ान भरना और उतरना उड़ान का सबसे खतरनाक चरण होता है। जब यह हादसा हुआ, तब विमान 625 फुट की ऊंचाई पर था, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या चालक दल किसी एक ही समस्या से निपट रहा था या एक साथ कई समस्याओं से। हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था जो चौड़े आकार वाला और दो इंजन से लैस होता है। जब जांच होगी तो पहला सवाल यही पूछा जाएगा कि यह विमान उड़ान भरने के लिए सही ढंग से तैयार था या नहीं।जेट विमानों में कई सहयोगी प्रणालियां होती हैं जिसमें केवल एक इंजन के साथ ऊपर चढ़ने की क्षमता भी शामिल होती है।

**केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देष की खुषहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हांलाकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिववार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है।**

# अन्नदाता की खुशहाली के लिए गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )

इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता।

केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देष की खुषहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हांलाकि मिशन फार्मर साईंटिस्ट परिववार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी बिड़म्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है। इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज ओने पोने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आड़तियें को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राशि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देष में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हांलाकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितेशी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए।कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राषि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इसतरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढेगी और इसका लाभ देषको ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।



सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रवी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किये जाने चाहिए। यहां तक कि कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में स्थानीय नवाचारी किसानों के खेत को बतौर प्रयोगशाला भ्रमण कराया जाना चाहिए ताकि एक दूसरे के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवाचारी किसानों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मोदी के बहाने और भागवत कथा के मायने

(ओंकारेश्वर पांडेय)

संघ का मतभेद मोदी या भाजपा से नहीं मोदी की कार्यशैली से है। 2024 के चुनाव में भाजपा ने '400 पार' का नारा दिया और विपक्ष को दुश्मन की तरह देखते हुए आक्रामक प्रचार किया। मोदी ने 'मंगलसूत्र', 'घुसपैठिए' और 'बंटोगे तो कटोगे' जैसे सांप्रदायिक बयान दिए।

एक तरफ जहां देश का गोदी मीडिया खासकर टेलीविजन ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफों के पुल बांधने में लगा है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के भीतर बैठे कई नेता संघ प्रमुख मोहन भागवत की ओर टकटकी लगाये बैठे हैं, कि वे कब बोलेंगे। वे कम बोलते हैं। पर उनके बोलने से भाजपा हिल जाती है। और जब नहीं बोलते तो उनकी खामोशी बोलती है। हाल ही में संघ प्रमुख ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में जो प्रतिक्रिया दी है, उससे मोदी खेमा निराश है।

नागपुर में कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय के समापन समारोह को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पहलगाम हमले के बाद के घटनाक्रम पर सेना व सरकार की सराहना की। लेकिन अपनी ही पार्टी का नेता होने के बावजूद भागवत ने न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ज़िक्र किया, न ही 'ऑपरेशन सिंदूर' या 'सीज़फायर' का, और 'हिंदू समाज' की जगह केवल 'समाज' शब्द का प्रयोग किया। यह चुप्पी और शब्दों का सावधानीपूर्वक चयन कई सवाल खड़े करता है। मोहन को मोदी का नाम लेने से परहेज क्यों। कारण आगे समझ में आयेंगे। लेकिन पहले बात अनुशासन की।

संघ के पूर्व सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर (गुरुजी) कहते थे, व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है, विचार महत्वपूर्ण है। लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी संघ से बड़े ही नहीं बहुत बड़े होते गए। इसलिए भागवत की नाराजगी को समझना जरूरी है।

भागवत ने कहा कि, पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने राजनीतिक दलों व समाज की भी प्रशंसा की, पर साथ ही कहा कि इससे समस्या तो खत्म हुई नहीं। विपक्ष से लेकर रक्षा-राजनय और मीडिया विशेषज्ञ सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। कई तो इसे मोदी सरकार का ब्लंडर भी कहने लगे हैं। दुनिया कुछ भी कहे, संघ प्रमुख का कहना मायने रखता है। और तब बहुत रखेगा, जब संघ समय पर निर्णय भी ले। मणिपुर की घटना के एक साल बाद संघ प्रमुख की प्रतिक्रिया आयी और अबतक हल नहीं निकला।

**समस्या खत्म नहीं हुई-** भागवत के इस बयान को केवल 'ऑफ-हैंड' टिप्पणी नहीं माना जा सकता। उनका यह कहना कि 'संकट बरकरार है' और 'समस्या का समाधान नहीं हुआ,' 9 मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने के बाद भागवत ने देशवासियों से सेना और सरकार का समर्थन करने की अपील की थी, लेकिन अचानक हुए युद्धविराम ने संघ को असमंजस में डाल दिया।

दशकों से भाजपा और संघ परिवार कांग्रेस पर आरोप लगाते रहे हैं कि उसने 1971 सहित कई मौकों पर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर कब्जा नहीं किया। तो अब जबकि मोदी सरकार के समय सेना पाकिस्तान को घुटनों पर ला रही थी, तो युद्धविराम क्यों हुआ?

**विपक्ष के सवाल और संघ का मौन-** भागवत का बयान ऐसे समय आया है जब विपक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहा है। विपक्ष के प्रमुख सवाल हैं:-

- विदेश मंत्री ने ऑपरेशन शुरू होने पर पाकिस्तान को क्यों सूचित किया?
- जब सेना जीत रही थी, तो युद्धविराम क्यों?
- सीज़फायर की घोषणा अमेरिका ने क्यों की?
- ट्रंप ने 14 बार मध्यस्थता की बात कही, पर मोदी ने इसका खंडन क्यों नहीं किया?
- कश्मीर को द्विपक्षीय मुद्दा रखने की बजाय अमेरिकी मध्यस्थता क्यों मानी गई?
- क्या ऑपरेशन में राफेल समेत पांच विमान गिरे, जैसा कि दावा किया गया?

भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा कि विमानों की संख्या से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। सरकार इन सवालों का जवाब देने से बच रही है। सवाल यह भी है कि जब पीएम मोदी ने 80 से अधिक देशों का दौरा किया, तो इस युद्ध में केवल दो-तीन देशों को छोड़कर कोई साथ क्यों नहीं आया? क्या यह विदेश नीति की नाकामी नहीं? इन मुद्दों पर भागवत का मौन बहुत कुछ कहता है।

**भागवत का 'समाज' पर जोर** - भागवत ने इस बार अपने बयान में 'हिंदू समाज' के बजाय 'समाज' शब्द का इस्तेमाल किया। वे पहले भी कह चुके हैं कि मुसलमान भी हिंदू हैं और समाज का हिस्सा हैं।

पहलगाम हमले में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर हत्या के नैरेटिव ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की थी। लेकिन कश्मीरी मुसलमानों ने आतंकवाद के खिलाफ रैलियां निकालकर इस नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी ने पहले मुस्लिम दुकानदारों को नेमप्लेट लगाने के आदेश दिये, तो फिर महाकुम्भ में उनके प्रवेश पर रोक भी लगायी। हालांकि मोदी-योगी के नारे, उसी संगम में तब डूब गए, जब कुम्भ के हजारों भगदड़ प्रभावितों को प्रयागराज के मुसलमानों ने अपने घरों में शरण देकर गंगा-जमुनी तहज़ीब का उदाहरण पेश किया।

यूपी में मुसलमानों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट को रोक लगानी पड़ी। मस्जिदों पर तिरपाल, मंदिर खोजने, और औरंगजेब की कब्र खोदने जैसे मुद्दों पर संघ के भैयाजी जोशी को कहना पड़ा कि औरंगजेब यहीं पैदा हुआ और उसकी कब्र यहीं रहेगी।

**संघ का मोदी से मतभेद-** संघ का मतभेद मोदी या भाजपा से नहीं मोदी की कार्यशैली से है। 2024 के चुनाव में भाजपा ने '400 पार' का नारा दिया और विपक्ष को दुश्मन की तरह देखते हुए आक्रामक प्रचार किया। मोदी ने 'मंगलसूत्र', 'घुसपैठिए' और 'बंटोगे तो कटोगे' जैसे सांप्रदायिक बयान दिए। भागवत समझाते रहे कि विपक्ष का भी सम्मान बराबर है। यह भी कहा कि हिंदुत्व कोई धर्म नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है और मुसलमान और ईसाई भी समाज का हिस्सा हैं, लेकिन उनकी आवाजें मोदी के आक्रामक प्रचार के शोर में नक्कारखाने में तूती की तरह दब गयीं।

राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर भी संघ प्रमुख ने राम की मर्यादा और उनके चरित्र को अपनाने की सीख दी थी।

## वर्ग पहेली 5765

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 9 | | | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | | | ■ |
| 13 | ■ | 14 | | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | 18 | | ■ | 19 | | ■ | |
| 20 | | ■ | 21 | | ■ | 22 | |
| | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. धनुषधारी, शारंगधारी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, रूपवान, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इस्मत, प्रतिष्ठा, इज्जत (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मेहमान, शुभांगतुक (3)
2. एकता, मित्रता, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सभ्यीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 19191 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थित, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मदोन्मत (2)

### वर्ग पहेली 5764 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | सी | रू | दी | न | शा | ह | ■ |
| सी | र | त | ■ | म | द | र | सा |
| ब | ■ | ■ | ता | क | ■ | फ | ल |
| ■ | गु | म | रा | ह | ■ | ■ | मि |
| क | ल | म | ■ | रा | ह | ब | र |
| ला | ■ | ता | ली | म | ■ | रा | ह |
| ■ | य | म | ■ | ■ | ■ | ब | ■ |
| ■ | क्ष | य | ■ | ड | का | र | ■ |

# गरीबी तो घटी, पर गरीबों का जीवन ज्यादा नहीं बदला

(दीपांशु मोहन)

हाल ही में आई विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2011-12 में भारत में चरम गरीबी 27.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में घटकर सिर्फ 5.3 प्रतिशत रह गई। इस दौरान लगभग 27 करोड़ लोग गरीबी-रेखा से ऊपर आ गए हैं। यह आंकड़ा बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन यह निष्कर्ष गरीबी आंकने के तरीके पर सवाल खड़े करता है। क्या हम भारत में कुछ ही लोगों को गरीब मान रहे हैं या गरीबी के पूरे दायरे को समझने में विफल हो रहे हैं?

भारत में गरीबी मापने का पैमाना मुख्य रूप से आय या उपभोग है। यह अभाव के बारे में बहुत कुछ नहीं कहता। तेंदुलकर समिति और बाद में रंगराजन समिति ने उपभोग के तरीके में आ रहे बदलाव को दर्शाने के लिए गरीबी रेखा में सुधार तो किया,पर मानदंड आय को ही बनाए रखा। संयुक्त राष्ट विकास कार्यक्रम, यानी यूएनडीपी के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) सहित सभी मानक इस बात पर जोर देते हैं कि गरीबी के आकलन में शिक्षा, स्वास्थ्य व जीवन स्तर के अभावों को भी शामिल किया जाना चाहिए। आलोचकों का कहना है, महामारी के बाद बिना किसी जमीनी सर्वेक्षण के केवल अनुमानित आंकड़ों पर आधारित ये निष्कर्ष प्रगति की टेढ़ी-मेढ़ी तस्वीर पेश करते हैं। ये लोगों को मिली सुविधाओं या व्यवस्था की कमियों को ठीक से सामने नहीं लाते।

गरीबी घटने के इस अनुमान को मान भी लें, तो यह किसके फायदे में है? आय में वृद्धि तो हुई है, पर स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, परिवहन और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसी आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं तक लोगों की पहुंच में कमी बनी हुई है। बहुसंख्यक आबादी के लिए इन सुविधाओं को प्राप्त करना टेढ़ी खीर है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में 65 प्रतिशत तक अति-गरीबी थी। अब देश में जो गरीबी में कमी दर्ज की गई है, उनमें इन राज्यों में ही दो-तिहाई तक कमी बताई गई है। मगर 'असमानता सूचकांक रिपोर्ट 2025' में इन राज्यों में विषमता की तस्वीर अधिक गहरी है। असमानता सूचकांक पांच कसौटियों- बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक सेवा और कानूनी मदद की उपलब्धता पर राज्यों का आकलन करता है। इसमें उत्तर प्रदेश और बिहार 'आकांक्षी' श्रेणी में बने हुए हैं। उत्तर प्रदेश में केवल 19 प्रतिशत और बिहार में 21.5 फीसदी परिवारों को खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन मिल पाता है। उधर, गोवा में 90 प्रतिशत परिवार पक्के घरों में रहते हैं, जबकि केरल में 83.4 प्रतिशत और तमिलनाडु में 87.9 प्रतिशत हैं। इनके मुकाबले बिहार, यूपी, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य बहुत पीछे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और आपके लिए आय के नए स्रोत बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण मीटिंग या डील फाइनल हो सकती है, जिससे भविष्य में उन्नति के द्वार खुलेंगे। आपको ऑफिस में वरिष्ठ लोगों से सहयोग मिलेगा और आपके लिए धन लाभ के योग बने हैं।

### वृष

आज भाग्य साथ देगा और करियर के मामले में कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। विदेश से जुड़े मामलों में प्रगति होगी। किसी लंबे समय से रुका हुआ कार्य अब पूरा हो सकता है। उच्च अधिकारियों से संपर्क और सहयोग मिलेगा, जिससे नौकरी में उन्नति की राह प्रशस्त होगी।

### मिथुन

आज हर काम काफी संभलकर करने की सलाह है। कोई रहस्य या लंबे समय से छिपी जानकारी उजागर हो सकती है। यह दिन उन कार्यों के लिए अनुकूल है जिनमें कल्पना, शोध या मानसिक कौशल की आवश्यकता हो।

### कर्क

आज दिन साझेदारी और पेशेवर रिश्तों के लिहाज से विशेष है। अगर आप बिजनस पार्टनर के साथ किसी प्रॉजेक्ट पर काम कर रहे हैं तो उसके परिणाम सकारात्मक मिल सकते हैं। आपको न्यायिक क्षेत्र, लीगल सलाह या सरकारी अनुबंधों से लाभ हो सकता है।

### सिंह

आज कार्यक्षेत्र में साख और व्यावसायिक दक्षता का परीक्षण होगा। आपको एक साथ कई जिम्मेदारियों को निभाना पड़ सकता है, लेकिन आपकी संगठित कार्यशैली और समय प्रबंधन कौशल से सब संभल जाएगा। ऑफिस में आपके सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा।

### कन्या

आज दिन इनोवेशन और नया सोचने के लिए आदर्श है। रचनात्मक क्षेत्र जैसे डिजाइनिंग, मीडिया, कंटेंट, एजुकेशन, या आर्ट से जुड़े लोगों को नया अवसर मिल सकता है। किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा जुड़ने का संकेत है, जिससे लंबे समय का प्रॉजेक्ट मिल सकता है।

### तुला

आज आप व्यावसायिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों में सामंजस्य बैठाने में सक्षम रहेंगे। घर से जुड़े कार्यों की व्यस्तता के बावजूद ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी। जो लोग रियल एस्टेट, आर्किटेक्चर या कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं उनके लिए अच्छा समय है।

### वृश्चिक

आज पराक्रम और आत्मविश्वास में वृद्धि के योग हैं। आपको अचानक किसी महत्वपूर्ण कार्य या मीटिंग की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसमें आपकी प्रस्तुति सबका ध्यान खींचेगी। मार्केटिंग, सेल्स, पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया से जुड़े जातकों को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।

### धनु

आज वाणी और व्यावसायिक सूझबूझ से आर्थिक क्षेत्र में नए द्वार खुल सकते हैं। व्यापारियों के लिए धन प्राप्ति और लेन-देन में स्थिरता आने के संकेत हैं। वेतनभोगियों को बोनस या अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। क्लाइंट मीटिंग्स में आपका प्रभाव मजबूत रहेगा।

### मकर

आज आत्मबल और नेतृत्व क्षमता के बल पर कोई बड़ा और चुनौतीपूर्ण प्रॉजेक्ट मिल सकता है। नई जिम्मेदारियों के साथ-साथ प्रशंसा भी मिलेगी। उच्च अधिकारियों से सहयोग प्राप्त होगा। राजनीति, प्रशासन और रक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### कुंभ

आज दिन की शुरुआत थोड़ी उलझनों से हो सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा, स्थिति नियंत्रण में आएगी। विदेशी कंपनियों, मल्टीनेशनल या आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग किसी महत्वपूर्ण प्रॉजेक्ट को फाइनल कर सकते हैं। यदि आप दूरसंचार, मेडिकल या साइबर सुरक्षा से जुड़े हैं तो दिन अत्यंत लाभप्रद है।

### मीन

आज करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की संभावना बन रही है। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो प्रमोशन या बड़ी ज़िम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। व्यवसाय में कोई पुराना क्लाइंट बड़ी डील के लिए संपर्क कर सकता है। नेटवर्किंग बढ़ेगी और उसका लाभ आपको भविष्य में मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लाहौल-स्पीति में सड़क से नीचे गिरा टेम्पो ट्रेवलर, हरियाणा के दो पर्यटकों की मौत

**लाहौल-स्पीति , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में सोमवार शाम हरियाणा के सोनीपत नंबर का एक टेम्पो ट्रेवलर सड़क से नीचे गिर गया। इस हादसे में हरियाणा के रहने वाले दो पर्यटकों की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए मनाली अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गाड़ी का नंबर हरियाणा के सोनीपत का है। जानकारी के अनुसार टेम्पो ट्रेवलर में 21 लोग सवार थे। कोकसर-रोहतांग रोड पर ग्राम्फू के पास टेम्पो ट्रेवलर सड़क से करीब 150 फीट नीचे गिर गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी को गाड़ी से निकाला। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। लाहौल-स्पीति की एसपी इल्मा अफरोज ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए मनाली अस्पताल शिफ्ट किया है। इनमें से 6 घायलों को मनाली के मिशन अस्पताल और कुल्लू रेफर किया जा चुका है। अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में 13 जून को हरियाणा के टूरिस्ट की गाड़ी 60 फीट खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 3 लोग घायल हुए थे। यह हादसा लाहौल स्पीति के गोंदला में हुआ था। ?हरियाणा नंबर की गाड़ी में 3 लोग सवार थे, जिनमें एक महिला भी शामिल थी, केलांग की तरफ जा रहे थे। ओवरस्पीड की वजह से ड्राइवर स्टेयरिंग पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी सड़क से 60 फीट गहराई में जा गिरी थी।

### कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी को धोखा दिया : भूपेंद्र यादव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र द्वारा सोमवार को 2027 में जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना आयोजित करने की अधिसूचना जारी करने के बाद, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के मन में कभी सच्चाई रही होती, तो काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस ने कोई दूसरा कमीशन ही नहीं बनाया। देश से जब कांग्रेस की सत्ता गई तब मंडल कमीशन को बनाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता पार्टी के जाने के बाद भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू नहीं हुई। जब देश से दोबारा कांग्रेस की सत्ता गई, तब मंडल कमीशन लागू हुआ। मंडल आयोग वैधानिकता को सर्वोच्च न्यायालय ने जब स्वीकार किया, तो ओबीसी कमीशन को दंतविहीन बनाने का काम कांग्रेस ने किया। 2014 में जब देश से कांग्रेस की सत्ता गई और श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला। भाजपा नेता ने कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर कांग्रेस के धोखे का उदाहरण देखने को मिला। वो दिखाता है कि कांग्रेस के लिए सोशल जस्टिस दिखावा है, प्रतिबद्धता नहीं है। ओबीसी समाज को झांसे में लाना कांग्रेस की नीति है, न्याय देना उनका काम नहीं है। 2014 में भारत का नाजुक अर्थव्यवस्था बनने का सबसे बड़ा कारण था कि टैक्सपेयर के पैसों के साथ कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और उनके विश्वास को खोया। उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में कांग्रेस का रिसर्वे... एक पॉलिटिकल कवर है। जो कांग्रेस, समाज के कुछ लोगों को भरमाने के लिए और कुछ को तुष्टिकरण की राजनीति में लाने के लिए कर रही है। जितनी आबादी-उतना हक, राहुल गांधी का ये झूठा नारा है। हक तो सिर्फ एक परिवार का है।

### दिल्ली में बुलडोज़र एक्शन को लेकर भड़के केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान चल रहा है, जिसमें खास तौर पर जेलरवाला बाग इलाके में अवैध झुग्गियों को निशाना बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने प्रतिरोध की आशंका में भारी पुलिस बल तैनात किया है और बैरिकेड्स लगा दिए हैं। चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत आज 200 से ज्यादा अवैध झुग्गियों को ध्वस्त किया जाना है। यह कार्रवाई अदालत के आदेश के तहत की जा रही है और अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि पहले भी यहाँ इसी तरह के अभियान चलाए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पहले की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में विस्थापित हुए निवासियों को स्थायी डीडीए फ्लैट दिए गए थे। आज का अभियान सख्त सुरक्षा के बीच चलाया जा रहा है ताकि निकासी के दौरान कानून और व्यवस्था बनी रहे। दूसरी ओर पूरे मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार पर निशाना साधा रही है। दिल्ली के आप प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार के बुलडोजर का विरोध करने पर पूर्व विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पुलिस की हिरासत में लिए गए। भाजपा सरकार लगातार गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला रही है। इसके बाद आप प्रमुख और दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि आखिर बीजेपी चाहती क्या है? क्या दिल्ली की सभी झुग्गियाँ तोड़ना चाहती है? तो फिर मोदी जी ने क्या चुनाव के वक्त झूठ बोला था 'दिल्ली पुलिस कर्मियों के साथ अर्धसैन्य बल की दो कंपनी मौके पर मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कानून एवं व्यवस्था की स्थिति भंग न हो।'' इस महीने इलाके में यह दूसरा ध्वस्तीकरण अभियान है।

# कौन सा अनाज खाते हो, घर में कितने फोन? इस बार जनगणना में पूछे जाएंगे ये 6 नए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में होने वाली जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय तस्वीर को समझने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस लिहाज से 2027 में होने वाली जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक होगी, क्योंकि यह पहली बार पूरी तरह डिजिटल रूप से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना होगी। यह 1931 के बाद पहला अवसर होगा जब देश की सभी जातियों का डाटा कलेक्ट किया जाएगा। इस जनगणना में कुछ नए सवाल शामिल किए गए हैं जो आधुनिक जीवनशैली और विकास के मापदंडों पर केंद्रित हैं। इन नए सवालों में घर में इंटरनेट कनेक्शन, मोबाइल और स्मार्टफोन की उपलब्धता, पीने के पानी का स्रोत, गैस कनेक्शन का प्रकार, वाहनों की उपलब्धता और घर में उपयोग होने वाले अनाज का प्रकार शामिल हैं।



**क्यों जरूरी हैं ये 6 सवाल?**

1. घर में इंटरनेट का कनेक्शन है?- इस सवाल का उद्देश्य डिजिटल कनेक्टिविटी का आकलन करना है। सरकार यह जानना चाहती है कि कितने परिवारों के पास इंटरनेट कनेक्शन है और इसका उपयोग कितने डिवाइस के साथ हो रहा है। यह डेटा डिजिटल इंडिया पहल की प्रगति को मापने में मदद करेगा और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में डिजिटल डिवाइड को समझने में सहायक होगा।

2. मोबाइल फोन और स्मार्टफोन व इनका मालिकाना किसका है?- इस सवाल के तहत यह पूछा जाएगा कि परिवार में कितने मोबाइल फोन और स्मार्टफोन है और इनका मालिकाना हक किसके पास है। यह डेटा मोबाइल और स्मार्टफोन की पहुंच को मापने में मदद करेगा, जो शिक्षा, वित्तीय समावेशन और डिजिटल सेवाओं के उपयोग में महत्वपूर्ण है।

3. घर के अंदर पीने के पानी का स्रोत क्या है?- पीने के पानी का स्रोत एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और स्वच्छता संकेतक है। इस सवाल के माध्यम से सरकार यह जानना चाहती है कि परिवार कुएं, हैंडपंप, नल, बोतलबंद पानी या अन्य स्रोतों का उपयोग करते हैं। यह जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं की प्रगति को मापने में सहायक होगा।

4. किस तरह का गैस कनेक्शन है?- इस सवाल में यह पूछा जाएगा कि खाना पकाने के लिए परिवार किस प्रकार के ईंधन का उपयोग करता है- एलपीजी, पीएनजी, लकड़ी, गोबर के कंडे या अन्य। यह स्वच्छ ऊर्जा और उज्जवला योजना जैसे कार्यक्रमों की सफलता को समझने में मदद करेगा।

5. कौन-कौन सी गाड़ी है?- इस सवाल के तहत परिवार के पास उपलब्ध वाहनों जैसे साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप या वैन की जानकारी एकत्र की जाएगी। यह डेटा परिवहन और आर्थिक स्थिति के विश्लेषण में सहायक होगा।

6. घर में किस तरह का अनाज प्रयोग करते हैं?- यह सवाल खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति को समझने के लिए शामिल किया गया है। सरकार यह जानना चाहती है कि परिवार मुख्य रूप से गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी या अन्य अनाज का उपयोग करते हैं। यह डेटा मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देने और खाद्य नीतियों को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

**डिजिटल जनगणना-एक नया युग :** जनगणना 2027 में पहली बार पेपरलेस प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए एक विशेष मोबाइल ऐप और ऑटो-कैल्कुलेशन पोर्टल विकसित किया गया है, जहां लोग अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को एक यूनिक आईडी नंबर प्रदान किया जाएगा, जो डेटा की गोपनीयता और सटीकता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा, जीपीएस तकनीक का उपयोग करके डेटा कलेक्शन की सटीकता को बढ़ाया जाएगा, और फील्ड सपोर्ट व डायग्नोस्टिक टूल्स की मदद से समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना 2027 में जातिगत आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे जनगणना 2027 के आंकड़े न केवल सरकार को नीतियां बनाने में मदद करेंगे, बल्कि 2026 में गठित होने वाले परिसीमन आयोग के लिए भी आधार प्रदान करेंगे। यह आयोग लोकसभा और विधानसभा सीटों के नए सीमांकन के लिए डेटा का उपयोग करेगा, जिससे दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या नियंत्रण नीतियों के कारण संसदीय सीटों के नुकसान की आशंका को लेकर बहस शुरू हो गई है।

**जनगणना के लिए अधिसूचना जारी :** साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी। इसमें कहा गया, ''उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।

### द्वारका एक्सप्रेसवे की तरह गुरुग्राम में एसपीआर पर बनेगा एलिवेटेड रोड, डिजाइन फाइनल

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) को द्वारका एक्सप्रेसवे की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। द्वारका एक्सप्रेसवे से लेकर वाटिका चौक तक तीन-तीन लेन का एलिवेटिड रोड तैयार किया जाएगा। एसपीआर पर जहां-जहां चौराहे या तिराहे हैं, वहां पर प्रवेश और निकास की व्यवस्था की जाएगी। इसके डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है। एसपीआर की लंबाई करीब 5.3 किलोमीटर है। ये द्वारका एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम-सोहना हाईवे (एनएच-248) को आपस में जोड़ता है। द्वारका एक्सप्रेसवे से यदि किसी वाहन चालक को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे या सोहना की तरफ जाना होता है तो उसे वाटिका चौक से सर्विस रोड होते हुए भोंडसी तक जाना पड़ता है। वहां से गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर चढ़ना पड़ता है। एसपीआर पर ट्रैफिक दबाव अधिक होने के चलते सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति बन जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने द्वारका एक्सप्रेसवे से गुरुग्राम-सोहना हाईवे को एलिवेटिड रोड से जोड़ने की योजना बनाई थी। पिछले साल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद जीएमडीए ने एक सलाहकार कंपनी को डीपीआर तैयार करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी थी। इस सलाहकार कंपनी ने तीन डिजाइन तैयार किए हैं। इनमें से फिलहाल एक डिजाइन को जीएमडीए अधिकारी ने मंजूरी दे दी है। इंटरचेंज का निर्माण होगा - इस डिजाइन के तहत वाटिका चौक पर इंटरचेंज का निर्माण होगा। अगर कोई वाहन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे या सोहना-गुरुग्राम हाईवे की तरफ से आ रहा है तो वह आसानी से द्वारका एक्सप्रेसवे की तरफ एलिवेटिड रोड होते हुए मुड़ जाएगा। यदि किसी को गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड की तरफ जाना है तो वह इंटरचेंज से नीचे उतरकर चला जाएगा। इस तरह यदि कोई वाहन गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड से आ रहा है तो वह इस इंटरचेंज के माध्यम से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम-सोहना हाईवे या द्वारका एक्सप्रेस वे की तरफ आसानी से जा सकेगा। एलिवेटिड रोड और इंटरचेंज के बनने के बाद गुरुग्राम-सोहना रोड की सर्विस रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा।

### मोहम्मद अज़हरुद्दीन के बेटे की सियासत में एंट्री, इस पार्टी ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, सानिया मिर्जा से भी खास रिश्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद अज़हरुद्दीन के बेटे ने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए राजनीति में प्रवेश किया है। मोहम्मद असदुद्दीन उन 69 महासचिवों में शामिल हैं, जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में पार्टी नेतृत्व द्वारा तेलंगाना कांग्रेस में नियुक्त किया गया था। असदुद्दीन रणजी ट्रॉफी मैचों में भी खेल चुके हैं और अब अपने पिता की तरह राजनीति में प्रवेश करेंगे। 35 वर्षीय असदुद्दीन की नियुक्ति हैदराबाद की जुबली हिल्स सीट के खाली होने के बाद हुई, जब विधायक मगंती गोपीनाथ की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। इससे यह भी अटकलें लगाई जाने लगीं कि असदुद्दीन कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले उम्मीदवार हो सकते हैं। फिर नवंबर 2023 में तेलंगाना चुनाव में, अजहरुद्दीन जुबली हिल्स से कांग्रेस के उम्मीदवार भी थे, और वे मौजूदा विधायक के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद बीआरएस के मगंती से 16,337 वोटों के अंतर से हार गए। उन्होंने कहा, ''मैं निश्चित रूप से लोगों की सेवा करूंगा और उनके साथ रहूंगा। अगर मैं लोगों के जीवन में कुछ बदलाव ला सका, तो मुझे बहुत खुशी होगी। अपनी नयी भूमिका को ''बड़ी जिम्मेदारी'' बताते हुए असदुद्दीन ने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा के अनुरूप काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कोविड काल में घाटा हुआ तो साइबर ठगी करने लगा स्कूल संचालक, निवेश के बहाने बनाता था शिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस की साइबर थाना टीम ने राजस्थान के सीकर से एक स्कूल संचालक को गिरफ्तार किया है। स्कूल संचालक ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर महिला से 29 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। आरोपी 44 वर्षीय चोथमल सैनी को पुलिस कई साल से तलाश कर रही थी, उस पर जिले में पहले भी दो ठगी के मामले दर्ज हैं। चोथमल सैनी के पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। आरोपी ने बताया कि कोविड काल में वह घाटे में चला गया था, जिसके बाद वह साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने लगा। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को पीड़ित एस. श्रीवास्तव ने अपने साथ ठगी की शिकायत दी थी। उन्होंने शिकायत में बताया था कि आरोपियों ने उन्हें वॉट्सऐप के माध्यम से एक वेबसाइट की जानकारी दी। यह वेबसाइट पार्ट-टाइम जॉब उपलब्ध कराने के साथ ही ऑनलाइन निवेश में मदद करती थी। पीड़ित ने आरोपियों द्वारा दिए गए खातों में निवेश के नाम पर पैस जमा करना शुरू किया। पीड़िता जितना पैसा जमा करती वेबसाइट पर मौजूद उसके अकाउंट में वह पैसा दिखाई देता। पीड़ित ने कुल 29 लाख रुपए जमा किए, जो लाभ के बाद कई करोड़ में बदल गए। लेकिन जब पीड़िता ने वेबसाइट पर मौजूद अपने अकाउंट से पैसा निकालने की कोशिश की तो वह पैसे नहीं निकाल सकी। इसके बाद उसे अपने साथ ठगी होने की जानकारी हुई। पीड़िता ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। शिकायत के बाद इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की टीम ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की।





**होटल में बैठ कर रह रहे थे ठगी :** पुलिस ने आरोपियों की तकनीकी निगरानी, ??डिजिटल फुटप्रिंट और मनी ट्रेल का विश्लेषण किया। इससे पता चला कि आरोपी जिस वॉट्सऐप का इस्तेमाल कर रहे थे वह फर्जी पहचान पर लिए गए नंबर थे। आरोपियों ने पूरे भारत से करंट अकाउंट चला रहे लोगों से कमीशन के आधार पर उनके अकाउंट किराए पर लिए थे। इनमें पीड़िता से पैसे जमा कराए गए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि सभी खाताधारकों को जयपुर व सीकर के अलग अलग होटलों में बुलाया गया था। पुलिस ने राजस्थान के विभिन्न जिलों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने सीकर से चोथमल सैनी को वारदात में इस्तेमाल मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चोथमल सैनी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसे अपना स्कूल चलाने के लिए पैसों की जरूरत थी।

# पर्यटकों से गुलजार बीजापुर का नंबी वॉटरफॉल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सबसे ऊंचे जलप्रपात में शुमार नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में स्थित नंबी जलप्रपात इन दिनों पर्यटकों से गुलजार हो गया है। मानसून की दस्तक के साथ हर रोज बड़ी संख्या में यहां पर्यटक इस खूबसूरत वॉटरफॉल को देखने पहुंच रहे हैं। दरअसल घोर नक्सल प्रभावित भोपालपट्टनम क्षेत्र में मौजूद यह वॉटरफॉल माओवादियों की मौजूदगी की वजह से गुमनाम था और पर्यटक इस खूबसूरत वॉटरफॉल से अंजान थे,लेकिन हाल ही में नंबी गांव के पास पुलिस कैंप खोले जाने और नक्सलियों को पीछे खदेड़ने के बाद अब यहां हर रोज बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं और इस खूबसूरत वॉटरफॉल का लुत्फ उठा रहे हैं।

नंबी जलप्रपात तक पहुंचने के लिए फिलहाल सड़क मार्ग नहीं है,लेकिन यहां तक पहुंचना एडवेंचर से भरा है। मानसून के आगमन और बारिश से इस वॉटरफॉल की खूबसूरती में चार चांद लग गया है। नंबी जलप्रपात के अलावा बस्तर संभाग के चित्रकोट,तीरथगढ़ प्रमुख है। चित्रकोट जलप्रपात को भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है। यह बस्तर का सबसे बड़ा झरना है और इंद्रावती नदी पर स्थित है। तीरथगढ़



जलप्रपात कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है और भारत के सबसे ऊंचे झरनों में से एक है। बारिश की वजह से इन वाटरफॉल की खूबसूरती में चार चांद लग गया हैं। वॉटरफॉल का नजारा देखने बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं।

बीजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नंबी गांव में यह जलप्रपात मौजूद है। चारों ओर पहाड़ियों से घिरा और घने जंगल के बीच मौजूद यह वॉटरफॉल छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचा वॉटरफॉल है। लगभग 350 फीट ऊंचाई से गिरते इस वॉटरफॉल का नजारा देखते ही बनता है। साल 2015 में पहली बार इस वॉटरफॉल की तस्वीर सामने आई थी, हालांकि उसके बाद भी नक्सलभय की वजह से यहां तक गिने-चुने ही पर्यटक पहुंच पाते थे, लेकिन अब गलगम और नंबी गांव में पुलिस कैंप खुलने के बाद पर्यटक इस वॉटरफॉल तक पहुंच रहे हैं। फोर्स की मौजूदगी की वजह नक्सली दहशत अब कम है। नबी वॉटरफॉल तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग नहीं है,बावजूद पर्यटक ट्रैकिंग कर पहुंच रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण इन पर्यटकों की यहां तक पहुंचने में मदद कर रहे हैं। वाटरफॉल तक पहुंचने छोटे बड़े पत्थर,चट्टान और घने जंगल से होकर जलप्रपात के नीचे तक पहुंचा जा सकता है। गांव की समिति की तरफ से ट्रैक से पहले मामूली प्रवेश शुल्क की पर्ची काटी जा रही है। पर्यटकों की सुविधा और स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन से लगातार ग्रामीण नंबी वॉटरफॉल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग कर रहे हैं। जिला प्रशासन भी पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रहा है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि नंबी जलप्रपात लगभग दो दशक यानी 20 साल बाद आम जनता और पर्यटकों की पहुंच में आ गया है। कुछ समय पहले तक नंबी की पहाड़ियों पर या तो सिर्फ सन्नाटा पसरा रहता था।

# विशाखापत्तनम में एक साथ 5 लाख लोग करेंगे योग! प्रधानमंत्री मोदी संग मुख्यमंत्री नायडू भी लेंगे भाग

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह से पहले भाग्य के विशाखापत्तनम का बड़े पैमाने पर कायाकल्प किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य स्थल, नेवल कोस्टल बैटरी और पार्क होटल जंक्शन के बीच बीच रोड के हिस्से को बड़े पैमाने पर सुंदर बनाया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री के. पवन कल्याण और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सबसे बड़ा आयोजन होगा। विशाखापत्तनम के लिए यह एक अनूठा अवसर है। प्रधानमंत्री यहां आएंगे। एक ही समय में एक ही स्थान पर पांच लाख लोग भाग लेंगे। हम पूरे राज्य में एक लाख से अधिक स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 25 लाख लोगों को प्रमाण पत्र जारी करने जा रहे हैं। हम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए काम कर रहे हैं, हम 100त्न लक्ष्य हासिल करेंगे। हम बहुत बारीकी से योजना बना रहे हैं। मैं सभी से इसमें भाग लेने का अनुरोध करता हूं... मुझे उम्मीद है कि बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेंगे। सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



पर विशाखापत्तनम के रामकृष्ण समुद्र तट पर योगांध्र-2025 समारोह में विजयनगरम और श्रीकाकुलम जिलों से 1.5 लाख से अधिक लोगों के भाग लेने की उम्मीद है। दोनों जिलों के प्रशासन ने इस क्षेत्र से योग साधकों को जुटाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू दोनों ही कार्यक्रम स्थल पर योग आसन करने वाले हैं। अधिकारियों ने महसूस किया कि परिवहन उपलब्ध कराना कोई बड़ी समस्या नहीं होगी क्योंकि भीमिली, विशाखापत्तनम और अन्य क्षेत्र विजयनगरम के बहुत करीब हैं। श्री माधवन ने सुझाव दिया कि सुरक्षा कारणों से प्रतिभागी निजी वाहनों का उपयोग करने के बजाय सरकार द्वारा दी जाने वाली परिवहन सुविधा का उपयोग करें।

# शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? जस्टिस वर्मा के समर्थन में सिब्बल; महाभियोग पर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जज यशवंत वर्मा के खिलाफ प्रस्तावित महाभियोग प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। पूर्व कांग्रेस नेता सिब्बल पहले भी दो बार उच्च न्यायालय के जजों के महाभियोग मामलों में शामिल रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्मा के खिलाफ आरोप इतने स्पष्ट नहीं हैं कि उनके आधार पर महाभियोग चलाया जाए। सिब्बल ने कहा, इस मामले में जांच के बिना किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। महज कुछ वीडियो क्लिप और जले हुए नोटों की बातें, जो मीडिया में आई हैं, उन्हें बिना जांच के आधार नहीं बनाया जा सकता।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव के खिलाफ कार्रवाई रुकी क्यों :** इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि सरकार पक्षपात कर रही है। सिब्बल ने सरकार और राज्यसभा के सभापति पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ 55 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित महाभियोग प्रस्ताव पर छह महीने से कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, न्यायमूर्ति यादव का सांप्रदायिक भाषण स्पष्ट है और इसे उन्होंने अस्वीकार नहीं किया। फिर भी, सभापति ने हस्ताक्षरों की जांच के लिए इतना समय क्यों लिया? यह स्पष्ट है कि सरकार इस न्यायाधीश को बचाना



चाहती है। सिब्बल ने यह भी सवाल उठाया कि सभापति ने मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ इन-हाउस जांच को रोकने के लिए पत्र क्यों लिखा, जबकि न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि विपक्ष को न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया पहले शुरू करने पर जोर देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि पहले जज यादव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, उसके बाद ही वर्मा के मामले पर विचार होना चाहिए। वर्मा के खिलाफ आरोप अस्पष्ट हैं सिब्बल ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को अभूतपूर्व और तथ्यों पर आधारित नहीं बताया। सिब्बल ने कहा कि वर्मा के खिलाफ आरोप अतीत के किसी भी महाभियोग मामले से अलग हैं। उन्होंने कहा, पिछले मामलों में, जैसे न्यायमूर्ति रामास्वामी, एस.के. गंगेले, सौमित्र सेन और एके. गांगुली के खिलाफ, तथ्य स्पष्ट थे और किसी अतिरिक्त जांच की आवश्यकता नहीं थी। लेकिन न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में, कोई ठोस तथ्य नहीं हैं, सिवाय इसके कि उनके आवास के आउटहाउस में जली हुई नकदी के वीडियो हैं। उन्होंने कहा, न तो यह स्पष्ट है कि जली हुई नकदी कितनी थी, न यह कि वह नकदी वहां किसने रखी। मुख्यधारा की मीडिया बिना सबूत के करोड़ों की रकम बताती रही। उन्होंने यह भी कहा कि जज के निवास स्थान के बाहर स्थित एक बाहरी कमरे में यह नकदी मिलने की बात कही जा रही है, जहां कोई सुरक्षा नहीं थी और न ही दिल्ली पुलिस ने उस स्थान को सील किया, न कोई एफआईआर दर्ज की गई, न कोई नोट जब्त हुआ। सिब्बल ने सवाल उठाया कि जब दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग को मौके पर जली हुई नकदी दिखी, तो उन्होंने उसे जब्त क्यों नहीं किया? सिर्फ एक जली हुई नोट की सीरियल संख्या से भी उसकी उत्पत्ति का पता लगाया जा सकता था, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि वीडियो में दिखी नकदी के बारे में जज या उनके परिवार को कोई जानकारी नहीं दी गई। जज वर्मा को भी इस बारे में तब पता चला जब दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें वीडियो क्लिप दिखाई। सिब्बल ने बताया कि 14 मार्च को रात 11-30 बजे आउटहाउस में आग लगी।




इंग्लैंड दौराः

# डी दीपेश और नमन पुष्पक भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि डी दीपेश और नमन पुष्पक को चोटिल आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई तक चलेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह क्रमशः डी दीपेश और नमन पुष्पक को टीम में शामिल किया है। दीपेश और नमन दोनों ही दौरे के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चल रहे हाई परफोर्मेंस शिविर के दौरान आदित्य को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ जबकि खिलान को दाएं पैर में चोट लगी।

टीम की अगुआई आयुष म्हात्रे करेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरे में लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा जिसके बाद होव, नॉर्थम्पटन और वॉर्सेस्टर में पांच मैच की युवा एकदिवसीय श्रृंखला होगी। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो बहु दिवसीय मैच क्रमशः बेकेनहैम और चेम्सफोर्ड में खेले जाएंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है।

टीम में 14 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं जिन्होंने पिछले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंद में शतक सहित 252 रन बनाए थे। सूर्यवंशी और म्हात्रे पिछले साल यूएई में अंडर-19 एशिया कप में भारत की उपविजेता टीम का भी हिस्सा थे।

### भारतीय अंडर-19 टीमः

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, युधजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद इनान, अनमोलजीत सिंह, डी दीपेश, नमन पुष्पक।

दिग्वेश राठी का आईपीएल के बाद भी जलवा कायम

# 5 गेंद पर 5 विकेट...




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में अपनी धारदार गेंदबाजी और अनोखे सेलिब्रेशन से चर्चा में आए दिग्वेश राठी ने टी20 के एक मुकाबले में कमाल कर दिया है. उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

लखनऊ सुपरजायंट्स के युवा स्पिनर दिग्वेश राठी ने एक लोकल टी-20 मैच में लगातार 5 गेंदों में 5 विकेट झटका है. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ ही टीम के मालिक संजीव गोयनका ने भी इसका वीडियो शेयर किया है. मैच के दौरान दिग्वेश राठी ने लगातार पांच गेंदें फेंकीं और हर गेंद पर एक विकेट लिया. इस तरह उन्होंने सिर्फ एक ओवर में आधी टीम को पवेलियन भेज दिया. इससे पहले श्रीलंका के लसिथ मलिंगा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार गेंदों में चार विकेट लिए थे, लेकिन राठी ने अब उससे एक कदम आगे बढ़कर पांच विकेट झटके हैं.

हालांकि, उन्होंने ये कारनामा एक लोकल मुकाबले में किया. उन्होंने ये कमाल कब किया ये साफ नहीं है.

### कैसे हुआ यह कमाल?

राठी ने हर गेंद पर बल्लेबाजों को चकमा दिया. उनकी गुगली और फ्लिपर गेंदों को बल्लेबाज समझ ही नहीं सके और लगातार आउट होते चले गए. यह प्रदर्शन न केवल रोमांचक था, बल्कि यह दिखाता है कि राठी में एक बड़ा स्पिनर बनने की क्षमता है. दिग्वेश राठी ने आईपीएल 2025 में एलएसजी के लिए खेलते हुए 13 मैचों में 14 विकेट चटकाए थे. वह अपनी खास नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए भी काफी फेमस हैं. विकेट लेने के बाद वह एक काल्पनिक डायरी निकालकर बल्लेबाज का नाम लिखते हैं, जो फैन्स को बहुत पसंद आता है.

# अश्विन और उनकी टीम को बड़ी राहत, TNPL में गेंद से छेड़छाड़ के आरोपों से हुए मुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु प्रीमियर लीग ने पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन को गेंद से छेड़छाड़ के आरोपों से मुक्त कर दिया है। यह आरोप सीकेम मदुरै पैंथर्स ने उन पर और उनकी टीम डिंडीगुल ड्रैगन्स पर लगाए थे। डिंडीगुल ड्रैगन्स की टीम ने अश्विन के खिलाफ आरोप लगाए थे। मदुरै फ्रेंचाइजी ने डिंडीगुल पर 14 जून को सलेम में खेले गए मैच के दौरान रसायन वाले तौलिए का इस्तेमाल करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। मदुरै के कोच शिजित चंद्रन ने फ्रेंचाइजी की सीईओ पूजा दामोदरन को संबोधित शिकायत में कहा, हमारी पारी के दौरान गेंद की स्थिति तेजी से खराब हुई जिससे हमारे बल्लेबाजों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। आप पावरप्ले के बाद हमारे बल्लेबाजों द्वारा खेले गए हर शॉट की आवाज सुन सकते हैं, जो ऐसा था जैसे वे क्रिकेट की गेंद के बजाय किसी कठोर पत्थर पर मार रहे हों। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि डिंडीगुल ड्रैगन्स की टीम ने गेंद की स्थिति बदलने के लिए विदेशी पदार्थों का इस्तेमाल किया जिसमें पहले से लगाए गए खुरदरे एजेंट वाले विशेष तौलिये का इस्तेमाल करना शामिल है, जो अस्वीकार्य है और खेल की भावना और धोखाधड़ी के बराबर है।

मामले की जांच के बाद टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि गेंद से छेड़छाड़ का कोई सबूत नहीं मिला है। कन्नन ने एक बयान में कहा, संदर्भित तौलिए टीएनपीएल द्वारा जारी किए गए थे और दोनों टीमों के लिए समान रूप से उपलब्ध थे। प्लेइंग कंट्रोल टीम जिसमें अंपायर और मैच रेफरी शामिल थे ने पूरे मैच के दौरान गेंद पर पूरी निगरानी रखी।

# कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं शुभमन गिल: जोस बटलर



**मुंबई, एजेंसी।** जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट पर कहा, 'वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे। उन्होंने कहा, 'कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे।

थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था। बटलर ने कहा, 'गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति होने जैसा है। उन्होंने कहा, 'गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप इसे आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

एमएलसी 2025ः

# टेक्सास सुपर किंग्स ने लगाई जीत की हैट्रिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के सातवें मैच में सिएटल ऑर्कस के खिलाफ 93 रन से रौंदा। इसी के साथ टेक्सास सुपर किंग्स ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी टेक्सास सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। इस टीम को 22 के स्कोर पर कप्तान फाफ डू प्लेसिस के रूप में पहला झटका लगा। डू प्लेसिस महज सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

इसके बाद डेवोन कॉन्वे (13) भी चलते बने। टीम 26 के स्कोर तक अपने सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सैतेजा मुक्कामल्ला ने डेरिल मिचेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। मुक्कामल्ला 23 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मिचेल ने 26 गेंदों में 25 रन बनाए। इसके अलावा मार्कस स्टोइनिस ने टेक्सास के खाते में 28 रन जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से जसदीप सिंह और हरमीत सिंह ने सर्वाधिक दो-दो विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में सिएटल ऑर्कस की टीम 13.5 ओवरों में सिर्फ 60 रन पर सिमट गई।

ICC ने कर ली पूरी तैयारी...

# अब 5 नहीं 4 दिन का होगा टेस्ट मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है. एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि आईसीसी 2027-29 के वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है. दूसरी तरफ भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे 5 दिवसीय मैच खेल सकते हैं.

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी. 2025-27 की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 5 दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी. एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए 4 दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था.' इसमें कहा गया है, 'इंग्लैंड,




ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए 5 दिवसीय मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने की अनुमति होगी.' आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए 4 दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी. इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ 4 दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी 4 दिवसीय टेस्ट मैच खेला था.

रिपोर्ट के अनुसार, 'कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन 4 दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से 3 टेस्ट मैचों की पूरी सीरीज 3 हफ्ते से भी कम समय में खेली जा सकेगी.' इसमें कहा गया है, 'समय को बर्बाद करने से बचने के लिए 4 दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है.' रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैम्पियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई.'

# चेल्सी की जीत में चमके पेड्रो नेटो, साथी खिलाड़ी का जताया आभार



**अटलांटा, एजेंसी।** चेल्सी ने लॉस एंजिल्स एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ अपने फीफा क्लब विश्व कप अभियान की शुरुआत की है। चेल्सी के स्टार पेड्रो नेटो ने मुकाबले के 39वें मिनट पर गोल दागकर चेल्सी का खाता खोलने में मदद की। मैच जीतने के बाद पेड्रो ने शुरुआती गोल के लिए निकोलस जैक्सन के पास को श्रेय दिया है। जैक्सन ने नेटो को एक बेहतरीन पास दिया, जिसका फायदा उठाकर पेड्रो ने ह्यूगो लॉरिस को पीछे छोड़ते हुए गोल दागा। इस गोल ने चेल्सी को अटलांटा में एलएएफसी के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शानदार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। जीत के बाद नेटो ने फीफा से कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने टीम में कई पोजिशन पर खेला है। यह क्लब के साथ मेरा पहला साल है। मैं इस समय जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा हूं, उससे सच में खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इसी तरह आगे भी खेलूंगा। अपने गोल के बारे में नेटो ने कहा, मुझे पास के लिए निको का शुक्रिया अदा करना चाहिए। वह मेरे साथ थोड़ा मजाक कर रहे थे, क्योंकि मैंने (अपने जश्न के दौरान) उनका शुक्रिया अदा नहीं किया था, इसलिए मैं अब निको का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करूंगा! नेटो 2024/25 सीजन के शानदार अंत के बाद क्लब वर्ल्ड कप के लिए यूएसए गए।

# संन्यास के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यहां किया डेब्यू

## *233 के स्ट्राइक रेट से मचाई तबाही, मारे सबसे ज्यादा छक्के*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे क्रिकेट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस ने मेजर लीग क्रिकेट में धमाकेदार डेब्यू किया है. उनकी डेब्यू कितनी गजब की रही, इसका अंदाजा आप इस बात से ही लगा सकते हैं कि वो अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से खेलने और सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी रहे. स्टोइनिस ने एमएलसी 2025 में अपना डेब्यू मैच ताबड़तोड़ तरीके से टेक्सास सुपर किंग्स के लिए खेला. धुआंधार इनिंग खेलते हुए वो अपनी टीम के दूसरे टॉप स्कोरर भी रहे. मार्कस स्टोइनिस ने इसी साल फरवरी में वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सबको चौंका दिया था.ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम की एक बेहद अहम कड़ी मार्कस स्टोइनिस ने मेजर लीग क्रिकेट 2025 में सिएटल ओर्कास के खिलाफ डेब्यू किया. मुकाबले में पहले बल्लेबाजी टेक्सास की टीम ने ही की, जिससे स्टोइनिस खेल रहे थे. टीम का आगाज अच्छा नहीं रहा. सिर्फ 26 रन पर उसके दोनों ओपनर डगआउट लौट गए. मगर उसके बाद तीसरे विकेट के लिए एक अर्धशतकीय साझेदारी हुई. साईतेजा और डैरिल मिचेल की वो साझेदारी टूटी तो क्रीज




पर मार्कस स्टोइनिस अपना पहला एमएलसी मैच खेलने उतरे.

**233.33 की स्ट्राइक रेट से ठोके रन, मारे सबसे ज्यादा छक्के**

मार्कस स्टोइनिस ने उतरते ही सिएटल के गेंदबाजों पर धावा बोल दिया. उन्होंने 233.33 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की और सिर्फ 12 गेंदों में ही 28 रन ठोक दिए. मार्कस स्टोइनिस की पारी में 4 छक्के शामिल रहे, जो कि इनिंग के दौरान टेक्सास के दूसरे किसी बल्लेबाज के मुकाबले सबसे ज्यादा थे. मार्कस स्टोइनिस के दिखाए इस अंदाज को नीचले क्रम में मिलिंद कुमार और शुभम रंजने ने अच्छा अंजाम दिया. मिलिंद 13 गेंदों पर 18 रन बनाकर नाबाद रहे. वहीं शुभम 8 गेंदों पर 15 रन बनाकर नॉट आउट रहे.

**टेक्सास सुपर किंग्स ने बनाए 153 रन**

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की उस ताबड़तोड़ इनिंग का असर ये हुए कि टेक्सास सुपर किंग्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 153 रन बनाने में कामयाब रही. टेक्सास की ओर से मार्कस से ज्यादा 30 रन सिर्फ साईतेजा ने बनाए.



क्रिकेट में संन्यास का दौर

# एक और दिग्गज ने किया रुखसती का ऐलान, 7400 रन और 226 विकेट हैं नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2025 को क्रिकेटर्स के रिटायरमेंट के लिए याद किया जाएगा। संन्यास लेने वालों में स्टीव स्मिथ, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों का नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में एक दिग्गज महिला क्रिकेटर का नाम जुड़ गया है। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने महिला वर्ल्ड कप के बाद वनडे से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने लगभग 7400 रन बनाए हैं और 226 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि वनडे से संन्यास का ऐलान करने वाली सोफी 2025-26 सत्र के लिए कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट का विकल्प चुनेंगी।

# बाढ़ आपदा की स्थिति से निपटने की करें पूर्व तैयारी : कलेक्टर

## टीएल बैठक में हुई विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा

**पन्ना।** वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य अप्रिय स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारी कर ली जाए। सभी राहत एवं बचाव उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित हो। चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय करें। साथ ही जल संसाधन विभाग द्वारा बांध के जल स्तर की सतत निगरानी के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। रेस्क्यू टीम को भी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य करने के संबंध में सचेत करें। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल-पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी कर आवश्यक मरम्मत कार्य भी कर लिया जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर पाबंद किया जाए। कलेक्टर श्री कुमार ने सोमवार को कलेक्टेज्ञ्ट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए।

इस मौके पर विभागवार अद्यतन गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों से संबंधित लंबित प्रकरण भी समयबद्ध रूप से निराकृत करें। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन के मामलों का तेजी से निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में नागरिक सेवाओं का प्रदाय सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने 16 विभागों विशेषकर राजस्व, नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में निरंतर रूप से प्रगति लाकर जिले की रैंक में सुधार के लिए निर्देशित किया। बैठक में हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य को प्रति दिवस के लक्ष्य अनुसार अभियान मोड में संचालित कर 30 जून के पूर्व तक शत प्रतिशत कार्य पूर्णता के लिए निर्देशित किया। साथ ही नवीन शैक्षणिक सत्र में समय पर छात्रवृत्ति वितरण और पेंशन हितग्राहियों की आधार बेस्ड ई-केवायसी कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के समुचित उपचार के लिए निरंतर सजगतापूर्ण तरीके से निगरानी करने और एनआरसी से



बच्चों के डिस्चार्ज उपरांत लगातार फॉलोअप के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं के प्रति माह लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरतापूर्वक प्रयास करें। इस संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय के निर्देश दिए गए। साथ ही उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें सहित अन्य अधिकारियों को भी अधीनस्थ अधिकारीवार लक्ष्य सौंप कर नियमित रूप से प्रकरणों के स्वीकृति एवं वितरण संबंधी कार्यवाही से अवगत कराने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरण सहित आगामी 31 अगस्त तक रिटायर होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित करने के लिए कहा, जिससे सभी स्वत्वों का भुगतान समय पर हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागी विभाग निर्धारित गतिविधि के तहत सभी कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस सप्ताह अधिकाधिक संख्या में संबंधित विभागों द्वारा अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। साथ ही गतिविधियों की पोर्टल पर भी तत्काल फीडिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी को राजस्व रिकार्ड में विभागीय संरचनाओं को दर्ज कराने तथा अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सहित जल संरचनाओं के मरम्मत तथा अन्य निर्धारित बिन्दुओं पर वांछित कार्रवाई समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर गुड सेमारिटन नेक व्यक्ति योजना के तहत घायल व्यक्तियों के अस्पताल में निःशुल्क उपचार तथा गोल्डन ऑवर में गंभीर घायल व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर को 25 हजार रूपए की सहायता राशि के बारे में भी अवगत कराया गया। टीएल बैठक में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, उपार्जित गेहूं के परिवहन तथा कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गत 12 जून को सागर में संपन्न हुई संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों के पालन में अभी से आवश्यक कार्रवाई और क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में आदिवासी समुदाय के पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत चिन्हांकन सहित विभिन्न विभागों की जनहितैषी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में ड्यूटीरत लोकसेवक शिविर में समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी द्वारा शिविरों की मॉनिटरिंग भी की जाए। इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों को इस महत्वाकांक्षी अभियान के शिविरों में अधीनस्थ लोकसेवकों को आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान कर भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश भी दिए।

# मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना बनी जीवन का वरदान

## देवेंद्रनगर की मासूम बच्ची को मिला नया जीव

**पन्ना।** बच्चे सिर्फ शरीर से नहीं, सपनों से भी बनते हैं। एक 12 वर्ष की मासूम बच्ची जिसकी साँसें तेज़ चलती थीं, दिल धड़कता था पर वह जी नहीं पाती थी – आज उसी बच्ची चाहना आदिवासी की आँखों में फिर से सपने पलने लगे हैं। उसके चेहरे की मुस्कान में अब ज़िंदगी की धड़कनें गूंज रही हैं। यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, सरकार की दूरदर्शी सोच, और स्थानीय स्वास्थ्य अमले की निःस्वार्थ सेवा का प्रतिफल है।

चाहना आदिवासी, पिता देशराज आदिवासी, निवासी ग्राम बड़ागांव, जो माध्यमिक शाला की कक्षा 6 की छात्रा है, उसे कभी साँस चढ़ जाती थी, दिल तेजी से धड़कता था और बदन में थकान रहती थी। पढ़ाई और खेल दोनों उसके लिए मुश्किल हो चले थे। विद्यालय में हुए चेकअप के दौरान डॉ. अनूप कुमार सोनी ने इस बच्ची की स्थिति को गंभीरता से लिया और संभावित हृदय रोग की आशंका पर तत्काल कार्रवाई की।

बाद में सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में गहन परीक्षण किया गया। डॉ. जैन ने बच्ची की हालत को न केवल समझा, बल्कि एक अभिभावक की तरह उसे देखा और तत्परता से मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत समस्त प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। बच्ची के परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी – घर में नकदी तो दूर, दो वक़्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल। लेकिन सरकारी योजना और डॉक्टरों की सच्ची सेवा भावना ने वह कर दिखाया जो उनके लिए सपना था।

पन्ना में चिरायु हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए विशेष शिविर में बच्ची की इको जांच की गई, जिसमें नामक गंभीर बीमारी की पुष्टि हुई। इसके बाद बच्ची को भोपाल चिरायु हॉस्पिटल भेजा गया, जहाँ 3 मार्च को भर्ती करने के बाद 6 मार्च को उसका सफल ऑपरेशन हुआ, और 11 मार्च को वह स्वस्थ होकर अपने गाँव लौटी। आज वही बच्ची खिलखिला रही है, उसकी साँसे सहज चल रही हैं, और जीवन की एक नई किताब उसके आगे खुल रही है। बच्ची के पिता देशराज आदिवासी की आँखें नम हैं, पर मन आभारी है। उन्होंने कहा– हम तो कभी सोच भी नहीं सकते थे कि हमारी बिटिया का इतना बड़ा इलाज इतने सम्मान और सेवा भाव से होगा। सरकार की इस योजना ने हमारी बच्ची को नया जीवन दे दिया। डॉक्टर अभिषेक जैन और उनकी टीम को मैं दिल से धन्यवाद देता हूँ।

# लाड़ली बहनों को मिली जून माह की आर्थिक सहायता राशि

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान जून माह की आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टेज्ञ्ट के एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित श्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर



पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को सुना। सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों एवं वार्डों में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा एवं सुना गया। पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 228 लाड़ली बहनों को योजना की 25वीं किस्त के तहत 22.42 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक खाते में किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत एक लाख 2 हजार 274 हितग्राहियों को 11 योजनाओं की 6 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि भी अंतरित की गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहनों तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों को गैस सब्सिडी की राशि मिली। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के 85 हितग्राहियों को 1.93 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण भी किया गया।

# अतुल चौरसिया नीट परीक्षा में सफल

**पन्ना।** ग्राम गंज निवासी अतुल चौरसिया ने नीट की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की ऑल इंडिया रैंकिंग 44756 रैंक हासिल की इनके पिता रामलाल चौरसिया सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत है तथा माता सोमवती चौरसिया ग्रहणी है क्षेत्र के लोगो ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें बधाई दी बधाई देने वालों में अयोध्या चौरसिया बृजवासी चौरसिया बृज किशोर चौरसिया उम्मी चौरसिया सुमित चौरसिया धीरेंद्र चौरसिया रामकृष्ण चौरसिया आदि ।

# ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन भवन निर्माण की बाधा दूर, भूमि आवंटित

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा नायब तहसीलदार वृत्त सलेहा तहसील गुनौर के प्रतिवेदन तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर एवं जिला नजूल निवर्तन समिति की 16 जून को संपन्न बैठक की अनुशंसा के आधार पर ग्राम सलेहा के सर्वे नंबर 2887 रकवा 0.420 हे. अंश भाग 20 गुणा 30 कुल 600 वर्गमीटर भूमि ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए आवंटित की गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सलेहा के सरपंच व सचिव द्वारा सलेहा में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसके तहत कुछ सर्वे नंबर की भूमि 4 किता एवं 1.60 हे. रकवा भूमि का आवंटन थाना सलेहा के लिए आवंटित होने बावत् अवगत कराया गया। इस संबंध में आवेदित भूमि नवीन पंचायत कार्यालय भवन के लिए आवंटित होने से थाना सलेहा के लिए सुरक्षित भूमि में ज्यादा अंतर न होने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस पर गुनौर एसडीएम द्वारा नायब तहसीलदार के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए लेख किया गया कि आवेदित सर्वे नंबर ग्राम की भूमि आवंटन के संबंध में उद्घोषणा के प्रकाशन उपरांत कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। हल्का पटवारी से नजरी व टेज्ञ्श नक्शा व खसरा की प्रति के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत सलेहा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल सलेहा, वन परिक्षेत्राधिकारी सलेहा से अनापत्ति प्रतिवेदन भी लिए गए। इन विभागों द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पंचायत सलेहा के नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए आवंटन करने पर अनापत्ति प्रस्तुत की गई है।

इसके अतिरिक्त म.प्र. नजूल भूमि निवर्तन निर्देश 2020 की कंडिका 13(2) अनुसार एक माह की निर्धारित समयावधि में पुलिस विभाग से भी आपत्ति अथवा अनापत्ति प्राप्त नहीं हुई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 17 दिसम्बर 2024 को सलेहा के नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए 37 लाख 49 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। सलेहा के सर्वे नंबर 2887 रकवा 0.420 हे. भूमि पुलिस थाना सलेहा के लिए सुरक्षित है, किंतु इस भूमि पर कोई स्थायी निर्माण न होने से इस भूमि के जुज रकवा की 600 वर्गमीटर रिक्त भूमि को पंचायत भवन निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया। इस पर जिला कलेक्टर द्वारा भूमि आवंटन की कार्रवाई की गई है।

# मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में हुई कार्यशाला

## मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है जून माह

**पन्ना।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वर्तमान जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। सोमवार को कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अंतर विभागीय मलेरिया कार्यशाला का आयोजन कलेक्टेज्ञ्ट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को मच्छरजनित विभिन्न बीमारियों डेंगू, मलेरिया, फायलेरिया इत्यादि से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी व उपाय बताए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारियों से बचाव के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की जानकारी से भी अवगत कराया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यशाला में विभिन्न विभागों से आवश्यक सहयोग व समन्वय की अपेक्षा की। बताया गया कि बीमारी से बचाव के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों सहित मलेरिया मुक्त पन्ना के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। विभाग स्तर पर चिन्हित स्थलों पर मच्छरों के लार्वा विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी। आम नागरिकों को सलाह दी गई कि हैण्डपंप के आसपास पानी एकत्रित न होने दें। पानी के बर्तन इत्यादि को ढंककर रखें। प्रति सप्ताह कूलरों का पानी खाली कर एवं सुखाकर उपयोग करने के साथ ही घर एवं अपने आसपास अनुपयोगी सामग्री में पानी जमा न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग जरूर करें। घर के आसपास गड्ढों को भरने के साथ पानी से भरे रहने वाले स्थानों पर टीमोफॉस, मिट्टी का तेल या जला इंजन आयल डालने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। सप्ताह में एक बार टीन, डिब्बा, बाल्टी, गमला, फ्रिज की टेऊ इत्यादि का पानी खाली कर और अच्छी तरह सुखाकर दोबारा उपयोग में लाने की सलाह भी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां और सिर दर्द तथा पसीना आ कर बुखार उतरना एवं इसके बाद थकावट व कमजोरी होना मलेरिया के लक्षण हैं। एनोफिलिस मच्छर के काटने से होने वाले मलेरिया रोग के उपचार हेतु तुरंत रक्त जांच करवाकर मलेरिया की पुष्टि होने पर पूरा उपचार लेना चाहिए। खून की जांच और उपचार की सुविधा सभी शासकीय अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। इसी तरह एडीज मच्छर से होने वाले डेंगू के लक्षण अकस्मात तेज सिर दर्द व बुखार, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द होना, जी मचलाना एवं उल्टी होना तथा गंभीर मामलों में नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी एवं सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले भी उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली की प्रविष्टि में सुधार के लिए केवल बीएलओ से करें संपर्क

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी विभिन्न सुविधाओं के लिए मतदान केन्द्रवार बीएलओ नियुक्त किया गया है। बीएलओ द्वारा एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम शामिल करने, प्रविष्टि में संशोधन, अन्य मतदान केन्द्र में निवास करने पर नाम स्थानांतरित करने तथा मतदाता सूची से नाम विलोपित करने का कार्य किया जाता है। बीएलओ एप इंटरनेट नेटवर्क होने तथा नेटवर्क उपलब्ध न होने पर भी कार्य करता है। प्रायः देखा गया है कि मतदाताओं द्वारा निर्वाचक नामावली की प्रविष्टि में सुधार के लिए बीएलओ से संपर्क न कर जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जाता है। इससे समस्या का निराकरण संभव नहीं हो पाता, क्योंकि समस्त कार्य बीएलओ एप से ही संपन्न होना प्रावधानित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने, संशोधन, नाम स्थानांतरित करवाने अथवा विलोपन के लिए अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ के पास जाकर ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर बीएलओ एप से आवेदित कार्य कराएं। इन कार्यों के लिए तहसील अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क न करें।

## ईलाज के लिए राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पवई विधायक प्रहलाद लोधी की अनुशंसा पर 59 हितग्राहियों को ईलाज के लिए 14 लाख 8 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है।

# उथली खदान में मिला तीन कैरेट का हीरा



**पन्ना।** पन्ना तहसील अंतर्गत इटावा खास में पतली खदान से एक किस को 3 कैरेट का हीरा मिला है जिसे किसान द्वारा हीरा कार्यालय में जमा किया गया है उक्त हीरे की कीमत लगभग 12 लाख रुपए अंकी जा रही है किसान को हीरा मिलने से किसान खुश नजर आ रहा है ज्ञात हो कि पन्ना जिले की पावन धरती हीरा जैसे अनमोल रतन उगलती है जिस प्रकार रातों-रात लोग रंक से राजा बन जाते हैं उक्त हीरा इटवा खास निवासी राजेश गोस्वामी पिता बद्री गोस्वामी को मिला है जिनके द्वारा इटवा खास ग्राम में पट्टा लेकर खदान लगाई थी और उन्हें हीरा मिल गया प्रशासन की अपेक्षा के चलते पिछली हीरा खदानों का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है क्योंकि अधिकांश क्षेत्र में वन विभाग द्वारा हीराधारित खदानों पर कब्जा कर लिया गया है जिससे हीरा खोदने में प्रतिबंध लगा हुआ है तथा वन एवं राजस्व का विवाद नहीं निपटा है जिससे हीरा खोजने के लिए कम ही जमीन बची है स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में आगे आना चाहिए पन्ना जिले से विधायक खनिजमंत्री रहे बृजेंद्र प्रताप सिंह भी वन राजस्व सीमा का विवाद नहीं निपटा पाए जबकि यह महत्वपूर्ण मुद्दा था क्योंकि हीरा जैसे रतन हर जगह नहीं पाए जाते हैं।

# आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में पचास हज़ार की अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा के निर्देश पर पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय और कोतवाली थाना प्रभावी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर तड़के ग्राम इटवा कलां में संयुक्त रूप से दबिश दी गई । जिसमें आरोपी धीरेन्द्र सिंह यादव पिता हरि सिंह यादव उम्र 28 वर्ष के रिहायशी मकान में आरोपी की उपस्थिति में विधिवत




तलाशी ली गई । तलाशी में आरोपी के रिहायशी मकान से लगे बाड़े के कोने में बोरियों से ढककर 11 पेटी अवैध शराब रखी थी । जिसके संबंध में आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंस नहीं मिला । उक्त शराब की मौके पर गणना करने पर 8 पेटियों में 400 पाव देशी शराब जो बापुना डिस्टलरी द्वारा जबलपुर जिले के लिए भेजी गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30800 रुपए और 3 पेटियों में 150 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 19200 रुपए पाई गई । कुल 99 बल्क लीटर अवैध शराब की कीमत लगभग पचास हजार रुपए पाई गई । 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने पर आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध आबकारी वृत्त पन्ना में पंजीबद्ध किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया । प्रकरण की विवेचना जारी है, जिसमें आरोपी ने बताया कि आरोपी जबलपुर जिले से ऋषभ सिंह ग्राम इटवा कलां, विक्की राजा मझियारी, कुलदीप सिंह बिलघाड़ी के माध्यम से अवैध शराब मंगवाता है। प्रकरण में और भी आरोपी हो सकते है ।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक पुलिस रामकृष्ण पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अरुण तिवारी, कल्पना बागरी, आरक्षक अभिषेक, रामा, नीलेश आबकारी आरक्षक स्मिता ठाकुर, रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक मोतीलाल, वीरेंद्र शामिल रहे ।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पन्ना।** कोतवाली थाना अंतर्गत नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 28 माझा ललिया अजयगढ़ रोड में एक युवक पेड़ पर रस्सी बांधकर फांसी पर झूल गया बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति वीडियो बनाते हुए फांसी पर झूला है जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 3 इंद्रपुरी कॉलोनी का रहने वाला है उसका नाम राजेंद्र मरकाम पिता देवी सिंह है जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष है घटना की जानकारी राहगीरों द्वारा कोतवाली पुलिस तथा सिविल लाइन पुलिस चौकी को दी गई घटना की जानकारी लगते हैं पुलिस घटनास्थल पहुंची तथा शव का पंचनामा बनाकर शव को नीचे उतर गया पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया है पुलिस द्वारा मामले में विवेचना की जा रही है आखिर किन कारणों चलते यूवक द्वारा फांसी लगाई गई है।

